तापमान
अधिकतम 34.0 डिग्री
न्यूनतम 20.0 डिग्री

हरिभूमि
# वनांचल भूमि

रायपुर, शुक्रवार 27 मार्च 2026

बस्तर | दंतेवाड़ा | बीजापुर | सुकमा | कांकेर | कोण्डागांव | नारायणपुर




## नवरात्रि विशेष



### नवमीः सिद्धिदात्री

नवम नवरात्रि को देवी माता के मंडपों में सिद्धिदात्री देवी की आराधना होती है। सिद्धिदात्री मां दुर्गा का नौवां स्वरूप है। माता की यह शक्ति सभी प्रकार की सिद्धियां देने वाली है। मार्कडेय पुराण के अनुसार अणिमा, महिमा, गरिमा, लांघना, प्राप्ति, प्राकाम्य, ईशित्व और वशित्व यह आठ सिद्धियां है। ब्रह्मवैवर्तपुराण के श्रीकृष्ण जन्म खंड में यह संख्या अठारह बताई गई है। सिद्धिदात्री को ही जगत को चलाने वाली देवी कहा गया है। देवी पुराण के अनुसार महादेव ने इनकी कृपा से ही सिद्धियां प्राप्त की थी। इन्ही के कृपा से सदाशिव का आधा शरीर देवी का हुआ है। यह भी कथा है कि मधु-कैटभ के वध के लिए महादेवी ने महामाया फैलाई और उसके अनेक रुप हो गए। भ्रमित दानवों ने पूछा कि देवी जब तुम अकेली हो तो इतनी सारी शक्तियां कौन है। तब देवी ने कहा कि सब मेरी शक्तियां हैं। मुझसे अलग कुछ नहीं है। इतना कहते देवी ने तमाम शक्तियां समेट ली और केवल सिद्धिदात्री मां ही रह गई। ऐसे ही समुद्र मंथन के समय सिद्धिदात्री देवी ने ही असुओं को भ्रम में डाला था। सिद्धिदात्री मां कमला ही धन-घान्य की प्रतीक हैं। मां सिद्धिदात्री चार भुजाओं वाली है। कमल पुष्प इनका आसन है। देवी के दाहिने तरफ के नीचे वाले हाथ में चंद्र, उपर वाले हाथ में गदा और बांई तरफ के नीचे वाले हाथ में शंख और उपर वाले हाथ में कमल पुष्प है। जगत का कल्याण करने वाली यह देवी नवरात्री की अधिष्ठात्री भी है। सिद्धिदात्री मां के भक्तों की लौकिक-पारलौकिक सभी प्रकार की कामनाएं पूर्ण होती हैं। सिद्धिदात्री माता का आराधना का मंत्र है-
सिद्धगंधर्वयक्षाद्यैरसुरैरमरैरपि।
सेव्यमाना सदा भूयात सिद्धिदा सिद्धिदायिनी।।

**आयोजन : भानपुरी मण्डल के कार्यकर्ताओं ने कार्यशाला में लिया प्रशिक्षण**

# राष्ट्रभक्ति व निस्वार्थ जनसेवा भाजपा कार्यकर्ताओं की पहचान : मंत्री कश्यप

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- प्रदेश अध्यक्ष एवं उपमुख्यमंत्री भी हुए शामिल

कार्यकर्ताओं को प्रशिक्षित करने पं. दीनदयाल उपाध्याय प्रशिक्षण महाअभियान में गुरुवार को ग्राम आसना में भानपुरी मण्डल की प्रशिक्षण कार्यशाला में वन मंत्री केदार कश्यप शामिल हुए । इस मौके पर प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव व उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा विशेष रूप से उपस्थित रहे।

वन मंत्री श्री ने छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक विरासत पर संबोधन देते कहा कि भाजपा की शक्ति उसके कार्यकर्ता हैं। हमारे कार्यकर्ता कर्मठ, निष्ठावान व परिश्रमी होते हैं। प्रशिक्षण का उद्देश्य कार्यकतार्ओं का मनोबल बढ़ाना है और संगठन को सशक्त बनाने उनका अमूल्य सहयोग लेते हुए जनसेवा के कार्य में उन्हें अग्रणी बनाना है। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण के माध्यम से हमारे कार्यकर्ता भाजपा की नीति, सिद्धांत, संगठनात्मक संरचना से समृद्ध बनते हैं। समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकार की योजनाओं और पार्टी की नीतियों को प्रभारी ढंग से पहुंचाने में महती भूमिका अदा करते हैं। राष्ट्र की सेवा के साथ जनसेवा का पुनीत कार्य कार्यकतार्ओं की पहचान है। प्रशिक्षण वर्ग में ब्रेवरेज कॉपोरेशन अध्यक्ष श्रीनिवास राव मद्दी ने कार्य विस्तार पर हमारी दृष्टि विषय पर उद्बोधन दिया। प्रदेश प्रवक्ता शिवनारायण पाण्डेय ने भाजपा की कार्य पद्धति से कार्यकर्ताओं को अवगत कराया। डा. सुभाऊ कश्यप ने वैचारिक अधिष्ठान, जिला अध्यक्ष वेदप्रकाश पाण्डेय ने सरकार की उपलब्धियां एवं क्रियान्वयन, श्रीनिवास मिश्रा ने हमारा इतिहास एवं विकास, आशुतोष आचार्य ने सोशल मीडिया विषय पर संबोधन दिया। संचालन जिला महामंत्री परीस बेसरा ने किया।



### ये रहे उपस्थित

प्रशिक्षण कार्यक्रम में जिपं अध्यक्ष वेदवती कश्यप, महामंत्री रजनीश पाणिग्रही, आर्येंद्र आर्य, ललिता बघेल, सफीरा साहू, लखीधर बघेल, सुब्रतो विश्वास, फूलसिंह सेठिया, आलोक अवस्थी, कृष्ण कुमार शुक्ला, खीतेश मौर्य, रोहित त्रिवेदी, प्रकाश झा, अविनाश श्रीवास्तव, सुधा मिश्रा, माहेश्वरी ठाकुर, अभिलाष यादव, लक्ष्मी कश्यप, पूनम सिन्हा, राजपाल कसेर, शैलेन्द्र भदौरिया, जयराम दास, भानपुरी मण्डल अध्यक्ष प्रवीण सांखला, रामप्रसाद मौर्य, तुलसी कश्यप, निर्देश दीवान, विजय पाण्डेय, दिलीप पाणिग्रही, दयानिधि ठाकुर,हरदेव बघेल, सुरेश कश्यप, संतोष बघेल,विनय सोना,आदर्श ठाकुर, विकास पात्रों,रोहन घोष, मयंक दीवान,हरिराम मण्डावी, विनय राजू, आनंद झा, विनोद पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## भस्कली नदी पर पोकलेन सील, हाईवा जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

जिले के खनिज अमले ने अवैध उत्खनन के विरुद्ध कार्रवाई की है। 26 मार्च को तहसील बकावंड के ग्राम बेलगांव और बनियागांव क्षेत्र में खनिज अधिकारी शिखर चेरपा के मार्गदर्शन में जांच दल ने छत्तीसगढ़ और ओड़शिा अंतर्राज्यीय सीमा पर भस्कली नदी पर दबिश दी। जहां बड़े पैमाने पर रेत का अवैध उत्खनन होना पाया गया। कार्रवाई के दौरान मौके पर अवैध कार्य में संलिप्त एक पोकलेन मशीन को सील कर दिया गया। वहीं रेत परिवहन में ▶▶|शेष पेज 14 पर



## राज्य सरकार इवेंट में व्यस्त, विकास कार्य ठप : मौर्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- कांग्रेस जिलाध्यक्ष ने पत्रवार्ता में लगाए कई आरोप

राजीव भवन में बस्तर जिला कांग्रेस शहर अध्यक्ष सुशील मौर्य ने बस्तर हैरिटेज मैराथन को लेकर प्रेसवार्ता में कहा कि प्रदेश और विदेशी खिलाड़ियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में बस्तर की बेटी ने जीत हासिल कर नाम रौशन किया। विजेता खिलाड़ियों को जीत की राशि नहीं दी गई है, यह शर्मनाक बात है। कांग्रेस इस कृत्य का विरोध करती है । उन्होंने कहा कि इंवेट के नाम करोड़ों रुपए होर्डिंग और पोस्टरों में खर्च किया गया और खिलाड़ियों को राशि देने पैसे नहीं है। यह सरकार इवेंट वाली सरकार है। शहरों का विकास कार्य ठप ▶▶|शेष पेज 14 पर



## आईटीआर में गिद्धों के कुनबे में हो रही बढ़ोतरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

- सुरक्षित व विष-मुक्त भोजन उपलब्ध कराने विकसित किए गए गिद्ध रेस्टोरेंट
- ग्रामीणों को गिद्ध मित्र के रूप में जोड़ कर क्षेत्रों में फैलाई जा रही जागरुकता

बस्तर संभाग के बीजापुर जिले में स्थित इंद्रावती टाइगर रिजर्व में 3-4 वर्षों में विलुप्तप्राय गिद्धों की संख्या में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है। गिद्ध संरक्षण परियोजना के तहत चलाए जा रहे गिद्ध रेस्टोरेंट सुरक्षित भोजन स्थल और गिद्ध मित्र पहल के कारण वर्तमान में लगभग 300 के पार पहुंच गई है। यह गिद्धों के संरक्षण का एक मॉडल बना है। वन विभाग के प्रयासों से रिजर्व क्षेत्र में गिद्धों के कुनबे में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। गिद्धों को सुरक्षित और विष-मुक्त भोजन उपलब्ध कराने के लिए अलग-अलग स्थानों पर गिद्ध रेस्टोरेंट विकसित किए जा रहे हैं, ताकि मृत मवेशियों के शरीर में डाइक्लोफेनाक जैसी जहरीली दवाएं न हों। इंद्रावती में मुख्य रूप से 3 प्रजातियों के गिद्ध-वाइट-रम्पड गिद्ध, इंडियन गिद्ध और हिमालयन ग्रिफॉन सक्रिय हैं। गिद्धों की सटीक मॉनिटरिंग के लिए सैटेलाइट टेलीमेट्री और जियो-टैगिंग का उपयोग किया जा रहा है। स्थानीय लोगों को गिद्ध मित्र के रूप में जोड़कर, ग्रामीण क्षेत्रों में जागरूकता फैलाई जा रही है। ग्रामीणों को मृत पशुओं के उपचार के लिए जड़ी-बूटियों के उपयोग के लिए प्रोत्साहित किया जा रहा है। बताया जा रहा है कि इंद्रावती टाइगर रिजर्व न केवल बाघों और जंगली भैंसों के लिए, बल्कि गिद्धों के लिए भी एक सुरक्षित प्राकृतिक रहवास के रूप में उभर रहा है। गिद्धों के अस्तित्व पर जहरीली दवाओं, असुरक्षित शव निपटान और मानव हस्तक्षेप जैसे गंभीर खतरे मंडरा रहे हैं। इन चुनौतियों से निपटने के लिए इंद्रावती टाइगर रिजर्व में उपग्रह टेलीमेट्री आधारित निगरानी कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है।



### वन्यजीव प्रबंधन को मिली वैज्ञानिक दिशा

गिद्धों की सैटेलाइट ट्रैकिंग के माध्यम से 18 हजार से अधिक उच्च गुणवत्ता वाले जीपीएस डेटा पॉइंट्स प्राप्त किए गए हैं, जिससे वन्यजीव प्रबंधन को नई वैज्ञानिक दिशा मिली है। इस सफलता में क्षेत्रीय जीव विज्ञानी सूरज कुमार के नेतृत्व में गिद्ध मित्र दल गिद्ध संरक्षण स्वयंसेवक दल की अहम भूमिका रही है। यह दल घोंसलों की निगरानी, शवों के सुरक्षित प्रबंधन और स्थानीय समुदायों को संरक्षण से जोड़ने का कार्य कर रहा है। इसी सामुदायिक सहयोग का परिणाम है कि दुर्गम क्षेत्रों में पहली बार निर्बाध प्रजनन सुनिश्चित हो सका है।

### आईटीआर दे रहा संदेश

इंद्रावती टाइगर रिजर्व बीजापुर के निदेशक संदीप बलगा ने बताया कि तकनीक, पारंपरिक ज्ञान और सामुदायिक सहभागिता को एक सूत्र में पिरोते हुए आईटीआर यह संदेश दे रहा है कि दूरदर्शी नेतृत्व में जंगल और लोग साथ-साथ आगे बढ़ सकते हैं।




## खबर संक्षेप

### जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर लगेगा चेमा में 1 अप्रैल को

**कोण्डागांव।** राज्य शासन की मंशानुरूप ग्रामीणजनों की मांगों और समस्याओं त्वरित निराकरण के लिए कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना के निर्देशानुसार 1 अप्रैल को सुबह 10 बजे से कोण्डागांव विकासखंड अंतर्गत ग्राम चेमा में जिला स्तरीय जनसमस्या निवारण शिविर का आयोजन किया जाएगा। शिविर में विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहेंगे। जिला प्रशासन द्वारा ग्रामवासियों से अपील की गई है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ उठाएं।

### प्राकृतिक आपदा पीड़ित परिवारों को मिली राहत

**कोण्डागांव।** कलेक्टर नुपुर राशि पन्ना ने प्राकृतिक आपदा से प्रभावित परिवारों को आर्थिक सहायता प्रदान की है।

कलेक्टर द्वारा कुल 4 प्रकरणों में वारिसों को 16 लाख रुपये की अनुदान राशि स्वीकृत की गई है। केशकाल तहसील के ग्राम कोहकामेटा निवासी सुरेश की पानी में डूबने से मृत्यु होने पर उनकी पत्नी उत्तराबाई को 4 लाख रुपये प्रदान किए गए। इसी प्रकार धनोरा तहसील के ग्राम मोदेबेड़मा निवासी सुकलूराम मरापी की डूबने से मृत्यु पर उनकी पत्नी जगनी मरापी को 4 लाख रुपये की सहायता दी गई। माकड़ी तहसील के ग्राम मिरमिंडा निवासी अमृत की सर्पदंश से मृत्यु होने पर उनके माता–पिता सुलो और मंगउ को 4 लाख रुपये प्रदान किए गए। वहीं केशकाल तहसील के ग्राम बटराली निवासी कार्तिक की डूबने से मृत्यु पर उनकी माता कामेश्वरी को 4 लाख रुपये की सहायता राशि स्वीकृत की गई। कलेक्टर ने संबंधित तहसीलदारों को निर्देशित किया है कि स्वीकृत सहायता राशि शीघ्र ही लाभार्थियों के बैंक खातों में हस्तांतरित की जाए, ताकि प्रभावित परिवारों को त्वरित राहत मिल सके।

### चिचाड़ी और पाटला में रैली निकाल कर क्षय रोग के प्रति किया जागरूक



**फरसगांव।** विकासखंड के उप स्वास्थ्य केन्द्र चिचाड़ी और आश्रित ग्राम पाटला में मंगलवार को कोंडागांव कलेक्टर नूपुर राशि पन्ना के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ आर के सिंह के मार्गदर्शन एवं फरसगांव खंडचिकित्सा अधिकारी डॉ. ज्योतिर्मयी प्रभावती एवं बीपीएम चेतन चौहान के पर्यवेक्षण में विश्व क्षय दिवस के अवसर के अंतर्गत 100 दिवसीय सम्पूर्णता अभियान का शुभारंभ रैली के माध्यम से लोगों में क्षय रोग के प्रति जन जागरूगता करते हुए प्रचार प्रसार किया गया। जिसमें स्थानीय जनप्रतिनिधि, स्व सहायता समूह के लोग, शिक्षक-शिक्षिकायें, स्कूली बच्चे, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, मितानिन, सुपरवाइजर, एमटीएस, एसटीएस, सीएचओ , आरएचओ बड़ी संख्या में उपस्थित रहे।

### दुष्कर्म के आरोपी को 24 घंटे में किया गिरफ्तार

**कोण्डागांव।** थाना अनंतपुर क्षेत्र में दुष्कर्म के एक गंभीर मामले में



पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी पंचुराम बघेल 29 वर्ष को घटना के 24 घंटे के भीतर गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया। पुलिस के अनुसार, पीड़िता ने 23 मार्च को थाना अनंतपुर में शिकायत दर्ज कराई कि 18 मार्च को गांव में आयोजित शादी के दौरान आरोपी ने उसके पति को बहाने से बारह भेज दिया। रात में घर में घुसकर दुष्कर्म किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक पंकज चंद्रा के निर्देशन में टीम गठित कर आरोपी के निवास पर दबिश दी गई और उसे गिरफ्तार किया गया। आरोपी को न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया गया है।

कार्रवाई में इनका रहा योगदान

कार्रवाई में थाना प्रभारी गोपेन्द्र पटेल सहित पुलिस टीम के अन्य अधिकारियों एवं कर्मचारियों का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

# दिव्यांग बच्चों को सुविधाएं उपलब्ध कराकर दिलाएं उनके अनुकूल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

## समावेशी शिक्षा को बढ़ावा : दिव्यांग बच्चों के लिए विशेष प्रशिक्षण आयोजित




जिले में समावेशी शिक्षा के अंतर्गत दिव्यांग बच्चों के लिए विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण कलेक्टर एवं जिला मिशन संचालक समग्र शिक्षा नुपूर राशि पन्ना के निर्देशानुसार संपन्न हुआ। कार्यक्रम का मार्गदर्शन जिला शिक्षा अधिकारी श्रीमती भारती प्रधान, जिला मिशन समन्वयक ईमेल बघेल तथा एडीपीओ श्रीमती शीला शार्दुल द्वारा किया गया। प्रशिक्षण विकासखंड स्त्रोत केंद्र में आयोजित हुआ। प्रशिक्षण दो चरणों में आयोजित किया गया। प्रथम चरण में माध्यमिक एवं उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों के प्राचार्य, व्याख्याता एवं पालकों को शामिल किया गया। जिसमें दिव्यांग बच्चों के चिन्हांकन एवं शासकीय सुविधाओं की जानकारी दी गई। द्वितीय चरण में प्राथमिक एवं माध्यमिक विद्यालयों के शिक्षक एवं पालकों को प्रशिक्षण दिया गया, जिसमें विभिन्न विकासखंडों के प्रतिभागी शामिल हुए।


**समावेशी शिक्षा एवं अधिकारों की दी जानकारी :** मास्टर ट्रेनर सौम्य देवांगन ने समावेशी शिक्षा, शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 एवं बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ने के उपायों पर विस्तार से जानकारी दी। मास्टर ट्रेनर स्मिता जोशी ने एस्कॉर्ट अलाउंस, ट्रांसपोर्ट अलाउंस एवं छात्रवृत्ति जैसी योजनाओं की जानकारी दी। प्रशिक्षण में विभिन्न विकासखंडों से बीआरपी, स्पेशल एजुकेटर एवं अन्य प्रतिभागियों ने हिस्सा लिया और कार्यक्रम के सफल संचालन में योगदान दिया।

### दिव्यांगता के कारण व रोकथाम पर जोर

मास्टर ट्रेनर दीपक सिंह ने दिव्यांगता के कारण एवं उसके रोकथाम के उपायों पर प्रकाश डाला। सहायक कार्यक्रम समन्वयक श्रीनिवास नायडू ने प्रशिक्षण में प्राप्त जानकारी को विद्यालय स्तर पर लागू करने के निर्देश दिए। वहीं समावेशी प्रभारी गुड़िया मरकाम ने शासन के निर्देशों के पालन पर जोर दिया। इस प्रशिक्षण का उद्देश्य दिव्यांग बच्चों को मुख्यधारा से जोड़ना, उन्हें आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना एवं उनके अनुकूल गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करना है।

निदैश : साप्ताहिक समय-सीमा की बैठक

# फौती नामांतरण व बंटवारा प्रकरणों का पंचायतों के समन्वय से करें निराकरण



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने जिला कार्यालय के सभाकक्ष में आयोजित साप्ताहिक समय–सीमा बैठक में आगामी राजस्व पखवाड़ा के सफल आयोजन को लेकर अधिकारियों को आवश्यक दिशा–निर्देश दिए।

■ राजस्व पखवाड़ा को लेकर तैयारियां तेज

कलेक्टर ने निर्देशित किया कि पखवाड़ा के दौरान फौती नामांतरण एवं बंटवारा जैसे प्रकरणों का ग्राम पंचायतों के समन्वय से शीघ्र एवं प्रभावी निराकरण किया जाए। बैठक में जनसमस्या निवारण शिविरों में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की प्रगति रिपोर्ट नियमित रूप से प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए। दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना के अंतर्गत प्राप्त आवेदनों की समीक्षा करते हुए आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने को कहा गया। साथ ही उचित मूल्य की दुकानों में राशन सामग्री की उपलब्धता एवं समय पर वितरण सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

**स्वास्थ्य सेवाओं में रखें गुणवत्ता और स्वच्छता**

कलेक्टर ने पोषण पुनर्वास केंद्रों में स्वच्छता बनाए रखने तथा बच्चों और माताओं को गुणवत्तापूर्ण पोषण आहार उपलब्ध कराने के निर्देश स्वास्थ्य विभाग को दिए। बैठक में प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना, प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना, जल जीवन मिशन एवं होम स्टे योजना सहित अन्य योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर उनके प्रभावी क्रियान्वयन के निर्देश दिए गए। इस अवसर पर अपर कलेक्टर चित्रकांत चाली ठाकुर सहित विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।

### धान उठाव में तेजी लाने वाहनों की संख्या बढ़ाएं: कलेक्टर



कोण्डागांव। कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना ने जिले की समितियों में धान उठाव की गति बढ़ाने के लिए विभागीय अधिकारियों एवं राइस मिलर्स की बैठक लेकर आवश्यक निर्देश दिए। बैठक में कलेक्टर ने धान उठाव कार्य की समीक्षा करते हुए राइस मिलर्स को परिवहन के लिए वाहनों की संख्या बढ़ाने को कहा, ताकि उठाव कार्य तेजी से पूरा हो सके। कलेक्टर ने चावल जमा की प्रगति बढ़ाने के लिए मिलर्स को अपनी मिलिंग क्षमता का पूर्ण उपयोग करने के निर्देश दिए। बैठक के दौरान राइस मिलर्स ने अपनी समस्याओं से कलेक्टर को अवगत कराया, जिस पर आवश्यक कार्रवाई का आश्वासन दिया गया। इस अवसर पर एडीएम चित्रकांत चाली ठाकुर, खाद्य अधिकारी, जिला विपणन अधिकारी, सहकारिता विभाग के अधिकारी एवं राइस मिलर्स उपस्थित रहे।

# कोंडागांव में निक्षय निरामय अभियान 2.0 का शुभारंभ




हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

विश्व क्षय दिवस पर जिले में निक्षय निरामय अभियान 2.0 की शुरुआत की गई। जनप्रतिनिधियों की उपस्थिति में जागरुकता वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी एवं जिला प्रशासन के अधिकारी उपस्थित रहे।

■ विश्व क्षय दिवस पर अभियान का शुभारंभ

जिले के सभी विकासखंडों के आयुष्मान आरोग्य मंदिरों में कार्यक्रम आयोजित कर लोगों को टीबी के प्रति जागरूक किया गया। शिविरों में हैंडहेल्ड एक्स–रे मशीन के माध्यम से लोगों की जांच की जा रही है। निक्षय निरामय अभियान 2.0 के तहत 100 दिवसीय विशेष अभियान चलाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य टीबी के लक्षणों के प्रति जागरूकता, समय पर जांच और उपचार सुनिश्चित करना है। जिले में 140 उच्च जोखिम वाले गांव चिन्हित किए गए हैं, जहां 14 वर्ष से अधिक आयु के लोगों का शत–प्रतिशत एक्स–रे कर संभावित मरीजों की पहचान की जा रही है। वर्तमान में जिले में 265 टीबी मरीजों का उपचार जारी है, जिनका नियमित फॉलोअप स्वास्थ्य विभाग द्वारा किया जा रहा है।

**244 पंचायतें हो चुकी हैं टीबी मुक्त** –

वर्ष 2025 में जिले की 384 पंचायतों में से 244 पंचायतों को टीबी मुक्त घोषित किया जा चुका है, शेष पंचायतों को भी जल्द टीबी मुक्त बनाने का लक्ष्य रखा गया है। टीबी मरीजों को पोषण आहार उपलब्ध कराने के लिए पंचायत प्रतिनिधि, नागरिक और स्वास्थ्य अधिकारी 'निक्षय मित्र' बनकर सहयोग कर रहे हैं।

# सुपोषित जीवन अभियान से कुपोषित बच्चों को दिया जाएगा बेहतर पोषण



हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

जिला चिकित्सालय स्थित पोषण पुनर्वास केंद्र एनआरसी में सुपोषित जीवन अभियान के अंतर्गत कुपोषित बच्चों के लिए विशेष डाइट की शुरुआत की गई। इस पहल का शुभारंभ बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं विधायक सुश्री लता उसेंडी ने किया।

■ पोषण पुनर्वास केंद्र में विशेष डाइट की शुरुआत

कार्यक्रम में कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना, नगर पालिका परिषद के अध्यक्ष नरपति पटेल सहित विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे। नई डाइट में नियमित भोजन के साथ अतिरिक्त पोषक तत्व जोड़े गए हैं। बच्चों को अंडा, दूध, ताजे फल, मूंगफली एवं गुड़ के लड्डू तथा सत्तू उपलब्ध कराया जाएगा, जिससे उन्हें संतुलित एवं सम्पूर्ण पोषण मिल सके।

### स्वास्थ्य सुधार में मिलेगा लाभ

इस पहल से कुपोषित बच्चों की रिकवरी दर में सुधार आने की उम्मीद है। साथ ही उनकी ऊर्जा और रोग प्रतिरोधक क्षमता में भी वृद्धि होगी। अभियान के सफल क्रियान्वयन में यूनिसेफ द्वारा तकनीकी सहयोग प्रदान किया जा रहा है, जिससे केंद्र में बेहतर पोषण और गुणवत्तापूर्ण देखभाल हो सके।

# भूमिहीन मजदूरों के खातों में 7.67 करोड़ की राशि अंतरित

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव

दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर कल्याण योजना के तहत कोंडागांव जिले के 7,673 हितग्राहियों के खातों में 7 करोड़ 67 लाख 30 हजार की राशि सीधे अंतरित की गई। यह राशि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय द्वारा जारी की गई। जिससे जिले में हजारों परिवारों को बड़ी राहत मिली है।

जिला कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में बस्तर विकास प्राधिकरण की उपाध्यक्ष एवं विधायक लता उसेण्डी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुईं। उन्होंने हितग्राहियों को प्रमाण पत्र वितरित कर उन्हें शुभकामनाएं दीं और योजना के लाभों को विस्तार से बताया। विधायक उसेण्डी ने कहा कि इससे मजदूर परिवारों को संबल मिलेगा। विधायक ने कहा कि यह योजना भूमिहीन मजदूरों के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। इससे परिवारों को आर्थिक मजबूती मिलेगी और वे अपने बच्चों की शिक्षा, पालन–पोषण और दैनिक जरूरतों को बेहतर तरीके से पूरा कर सकेंगे। उन्होंने इसे राज्य सरकार की जनहितैषी पहल बताया। राज्य स्तर पर करोड़ों की राशि वितरित की गई। आर्थिक सशक्तिकरण की इस प्रक्रिया में जिले को विशेष रूप से 7.67 करोड़ का लाभ मिला। इससे ग्रामीण क्षेत्रों में आर्थिक गतिविधियों को भी बढ़ावा मिलेगा।

■ आयोजन : जिला स्तर पर विधायक लता की मौजूदगी में कार्यक्रम



### जनप्रतिनिधियों की रही उपस्थिति

कार्यक्रम में कलेक्टर श्रीमती नूपुर राशि पन्ना, नगर पालिका अध्यक्ष नरपति पटेल, उपाध्यक्ष जसकेतु उसेण्डी सहित कई जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी मौजूद रहे। योजना के तहत भूमिहीन कृषि मजदूर परिवारों को प्रति वर्ष 10,000 की सहायता दी जा रही है, जिससे उन्हें स्थायी आर्थिक सुरक्षा मिल रही है। योजना से जिले के हजारों परिवारों के जीवन में सकारात्मक बदलाव की उम्मीद जगी है। जिले में सशक्तिकरण व विकास की नई दिशा मिल रही है।

# दंत रोगों के लक्षण, बचाव व उपचार के बारे में लोगों को किया जागरूक

हरिभूमि न्यूज ⏭ नारायणपुर

विश्व मुख स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर जिले में व्यापक स्तर पर मुख स्वास्थ्य जागरुकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इस दौरान लोगों को दांतों और मुंह से जुड़ी बीमारियों के प्रति जागरूक करने के साथ-साथ निशुल्क जांच और उपचार संबंधी जानकारी भी प्रदान की गई। जिले में चलाए गए विशेष अभियान के तहत विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों में शिविर आयोजित कर आमजन को दंत रोगों के लक्षण, बचाव और उपचार के बारे में विस्तार से समझाया गया। इस पहल का उद्देश्य लोगों को समय रहते मुख स्वास्थ्य के प्रति सजग करना और गंभीर बीमारियों से बचाव सुनिश्चित करना रहा। जिला चिकित्सालय के सिविल सर्जन डॉ. विनोद भोयर ने बताया कि जिला अस्पताल के दंत चिकित्सा विभाग में मुख स्वास्थ्य केंद्र का संचालन किया जा रहा है। विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा नियमित रूप से मरीजों की जांच और परामर्श दिया जाता है। उन्होंने बताया कि दंत चिकित्सक डॉ. यखिलेश्वरी ठाकुर के नेतृत्व में लगातार जागरुकता कार्यक्रम संचालित किए जा रहे हैं, जिससे लोगों में मुख स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ रही है। अस्पताल के दंत चिकित्सा विभाग में प्रतिदिन लगभग 30 से 35 मरीजों की ओपीडी दर्ज की जा रही है, जहां उन्हें आधुनिक जांच और उपचार की सुविधा उपलब्ध कराई जा रही है।

■ सैकड़ों लोगों की जांच कर, किया इलाज



### नियमित जांच कराएं

डॉक्टरों ने बताया कि जिले में आमतौर पर अक्ल दाढ़ में दर्द और सूजन, दांतों की सड़न, मसूड़ों से खून या मवाद आना, तथा मुंह में बिना दर्द के सूजन या गांठ जैसी समस्याएं सामने आ रही हैं। इन सभी बीमारियों का समय पर उपचार संभव है, बशर्ते लोग लक्षणों को नजरअंदाज न करें और नियमित जांच कराएं। स्वास्थ्य विभाग ने आम नागरिकों से अपील की है कि वे अपने मुख स्वास्थ्य का विशेष ध्यान रखें, नियमित रूप से दांतों की सफाई करें और किसी भी समस्या होने पर तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में संपर्क करें।

# कुप्रथा को समाप्त करने के लिए सामूहिक प्रयास की आवश्यकता

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोण्डागांव



जिला पंचायत के सभागार में महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा बाल विवाह रोकथाम एवं कार्यस्थल पर महिलाओं के लैंगिक उत्पीड़न निवारण, प्रतिषेध एवं प्रतितोष अधिनियम, 2013 विषय पर जिला स्तरीय प्रशिक्षण सह कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में लीगल एड डिफेंस अधिवक्ता श्रीमती प्रीति विश्वास ने लैंगिक उत्पीड़न अधिनियम 2013 के प्रावधानों की विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि ऐसी स्थिति में तत्काल आंतरिक शिकायत समिति में दर्ज कराना आवश्यक है। नवाबिहान की संरक्षण अधिकारी श्रीमती सावित्री कोर्राम ने पोर्टल पर आंतरिक समिति के सदस्यों की जानकारी अपलोड करने की प्रक्रिया बताई। वहीं सखी सेंटर की प्रशासक श्रीमती स्वीटी दास ने महिलाओं को मिलने वाली सहायता सेवाओं पर प्रकाश डाला।

**बाल विवाह उन्मूलन पर दिया गया जोर**

कार्यक्रम में नरेन्द्र सोनी ने बाल विवाह के दुष्परिणामों और कानूनी प्रावधानों की जानकारी देते हुए समाज में जागरूकता बढ़ाने और इस कुप्रथा को समाप्त करने के लिए सामूहिक प्रयासों की आवश्यकता पर बल दिया।

कार्यशाला में विभिन्न विभागों की आंतरिक समितियों के सदस्य एवं संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# बीजापुर उपकेंद्र में पावर ट्रांसफॉर्मर की क्षमता वृद्धि का कार्य पूरा



**फरसगांव।** कोंडागांव जिले के 33/11 केवी विद्युत उपकेंद्र बीजापुर में स्थापित पावर ट्रांसफॉर्मर की क्षमता वृद्धि का महत्वपूर्ण कार्य सफलतापूर्वक पूर्ण किया गया। इस कार्य के अंतर्गत ट्रांसफॉर्मर की क्षमता को 3.15 एमवीए से बढ़ाकर 5 एमवीए किया गया है, जिससे क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति और अधिक सुदृढ़ एवं स्थिर होगी।

इस क्षमता वृद्धि से बीजापुर उपकेंद्र से जुड़े क्षेत्रों में बढ़ती विद्युत मांग को पूरा करने में सुविधा होगी तथा उपभोक्ताओं को बेहतर और निर्बाध बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जा सकेगी। यह कार्य अधीक्षण अभियंता नवीन पोयाम के मार्गदर्शन, कार्यपालन अभियंता टी. एस. उईके व जूसफ़ केरकेट्टा की देखरेख तथा सहायक अभियंता एफ तिग्गा, संजय नाग कनिष्ठ अभियंता सौरभ थवाईत एवं अन्य तकनीकी कर्मचारियों की उपस्थिति में सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। विद्युत विभाग के अधिकारियों ने बताया कि इस क्षमता वृद्धि से भविष्य में क्षेत्र के विकास एवं विद्युत भार को ध्यान में रखते हुए बेहतर सेवा प्रदान करने में सहायता मिलेगी। विद्युत विभाग ने कार्य के दौरान सहयोग के लिए सभी विद्युत उपभोक्ताओं एवं आम नागरिकों का आभार व्यक्त किया है।

## पेज 13 के शेष

### भस्कली नदी पर

लगे एक हाईवा को जप्त कर नगरनार थाना की अभिरक्षा में सौंपा गया है। इस पूरी कार्रवाई में सहायक खनि अधिकारी जागृत गायकवाड़, सिपाही डिकेश्वर खरे सहित टीम के सदस्य महादेव सेठिया, सीताराम और कृष्णा मौजूद रहे।

**कार्रवाई जारी रहेगी:** विभाग ने स्पष्ट किया है कि प्रकरण में नियमानुसार कड़ी दण्डात्मक कार्रवाई की जाएगी। कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में खनिजों के अवैध उत्खनन और परिवहन पर प्रभावी नियंत्रण पाने के लिए खनिज अमले द्वारा निरंतर जांच अभियान चलाया जाएगा। ताकि अवैध गतिविधियों पर लगाम लगाई जा सके।

### सरकार इवेंट में..

पड़े हैं, गांवों में मूलभूत सुविधाओं से ग्रामीण वंचित हैं । 47000 से अधिक किसानों का धान खरीदा नहीं गया। बेरोजगारों को रोजगार सरकार नहीं दे पा रही है, कर्मचारियों को समय पर वेतन नहीं मिल रहा है। कर्मचारियों द्वारा हड़ताल आंदोलन किया जा रहा है।

**प्रदेश में संरक्षण में अफीम की खेती:** श्री मौर्य ने कहा प्रदेश में कानून नाम की कोई चीज नहीं बची है । आराध्य देवी दंतेश्वरी मंदिर में चोरी हो जाती है। प्रदेश में अफीम का कारोबार जोरों पर है। इसमें भाजपा नेताओं की संलिप्तता यह प्रमाण है कि अफीम की इस खेती को भाजपा नेताओं का संरक्षण है।

**ये रहे मौजूद:** प्रेसवार्ता में नेता प्रतिपक्ष राजेश चौधरी, गौरनाथ नाग, उपनेता प्रतिपक्ष कोमल सेना, कोषाध्यक्ष रविशंकर तिवारी, महामंत्री अभिषेक नायडू, जाहिद हुसैन, नीतीश शर्मा, प्रवक्ता जावेद खान, शादाब अहमद, मुन्नूराम, पार्षद अफरोज बेगम,लोकेश चौधरी,मोहसिन खान,शहजाद हुसैन,खीरेंद्र यादव मौजूद रहे।

## खबर संक्षेप

### आज निकाली जाएगी शोभायात्रा

लोहंडीगुड़ा। शुक्रवार को रामनवमी के पावन अवसर पर धाकड़ समाज द्वारा 9 बजे शोभायात्रा, बाईक रैली एवं कलश यात्रा निकाली जाएगी। ब्लाक के सभी प्रमुखजनों, बालक, बालिका, महिला पुरुष सर्व सनातनी शामिल होने अपील की गई है। शोभायात्रा लोहण्डीगुड़ा कालीमंदिर से उसरीबेड़ा से चित्रकोट शिवमंदिर में समापन किया जायेगा। कार्यक्रम में बस्तर महाराज कमलचंद भंजदेव एवं महारानी शामिल होने का सहमति दे चुके है।

### स्त्री रोग विशेषज्ञ से 21 गर्भवती माताएं लाभान्वित



बीजापुर। जिले में ग्रामीण क्षेत्रों तक बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं पहुंचाने की दिशा में एक सराहनीय पहल के तहत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र कुटरू में स्त्री रोग विशेषज्ञ की सेवाएं उपलब्ध कराई गईं, जिससे कुल 21 गर्भवती माताएं लाभान्वित हुईं। कलेक्टर संबित मिश्रा के दिशा-निर्देश एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बीआर पुजारी के मार्गदर्शन में जिले के सभी ब्लॉकों में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र स्तर पर माह में दो बार विशेषज्ञ डॉक्टरों की उपस्थिति सुनिश्चित करने की पहल की जा रही है। इस व्यवस्था का उद्देश्य दूरस्थ क्षेत्रों में रहने वाले लोगों को स्थानीय स्तर पर ही गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना है, ताकि उन्हें जिला अस्पताल तक आने की आवश्यकता न पड़े। इसी क्रम में 24 मार्च को कुटरू स्वास्थ्य केंद्र में स्त्री रोग विशेषज्ञ द्वारा गर्भवती महिलाओं की जांच एवं आवश्यक उपचार किया गया। इस दौरान 21 गर्भवती माताओं का सफलतापूर्वक स्वास्थ्य परीक्षण कर उन्हें आवश्यक परामर्श और उपचार प्रदान किया गया।

# महादेव की प्राण प्रतिष्ठा में उमड़े भक्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मद्देड़



बीजापुर जिले के भोपालपटनम तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत मद्देड़ के वार्ड नंबर 9 बोरगुड़ा में आज आस्था का जनसैलाब उमड़ पड़ा। जब नवनिर्मित मंदिर में नर्मदेश्वर महादेव की दिव्य प्रतिमा की प्राण प्रतिष्ठा पूरे विधि-विधान और हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। शुभारंभ आज प्रातः 8 बजे से वेदी पूजन के साथ हुआ। विद्वान पंडितों के सानिध्य में यजमानों ने भगवान शिव का आह्वान किया। मंत्रोच्चार और शंखध्वनि से पूरा क्षेत्र शिवमय हो गया। स्थानीय ग्रामीणों की भारी उपस्थिति ने इस धार्मिक आयोजन को भव्य स्वरूप प्रदान किया।

निर्धारित शुभ मुहूर्त के अनुसार प्रातः 9:50 बजे नर्मदेश्वर महादेव की प्राण प्रतिष्ठा की गई। जैसे ही महादेव की स्थापना हुई, मंदिर परिसर हर-हर महादेव के जयघोष से गुंजायमान हो उठा। इसके पश्चात भगवान का विशेष महाभिषेक किया गया। प्रतिष्ठा के उपरांत हवन कुंड में आहुतियां देकर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और शांति की कामना की गई। महाआरती के बाद विशाल भंडारा का आयोजन किया गया, जिसमें वार्ड नंबर 9 सहित पूरे मद्देड़ पंचायत और आसपास के गांवों से आए सैकड़ों श्रद्धालुओं ने श्रद्धापूर्वक प्रसाद ग्रहण किया। ग्रामीणों ने बताया कि नर्मदेश्वर महादेव की स्थापना से क्षेत्र में नई ऊर्जा का संचार हुआ है। इस आयोजन को सफल बनाने में स्थानीय युवाओं और वरिष्ठजनों का विशेष योगदान रहा।

## हनुमान चालीसा का पाठ कर तिलक उत्सव मनाया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम



एकल अभियान अंचल ने नगर में हनुमान मंदिर पुराना नाका से हनुमान चालीसा का पाठ करके हरि सत्संग रथ के साथ सभी लोगों की उपस्थिति में तिलक उत्सव का शुभारंभ हुआ। नगर से ग्राम पंचायत हारम और शबरी बस्ती माधोपारा से वापस शिव मंदिर पुराना बस स्टैंड आया। इस बीच रास्ते में जितनी भी दुकानें थी उनका संच व्यास और महिला समिती, दीदीयों, आचार्य व भैया बहनों ने तिलक लगाकर मिष्ठान खिलाकर नवरात्रि की बधाई दी। रथ के साथ तिलक लगाना और नवरात्रि की बधाई देना और साथ ही करीब 7 किलोमीटर चलने के बाद शिव मंदिर पुराना बस स्टैंड में इसका समापन हुआ। तिलक उत्सव के प्रभारी अंचल उपाध्याय नारायण साहू, महिला प्रमुख पार्वती परिहार दीदी, अभियान प्रमुख रामाधर कश्यप, अंचल व्यास दशमुराम, गतिविधि प्रमुख रमेश पुजारी, अंचल समिति से संस्कार, शिक्षा संरक्षक लुपेन्द वैष्णव, अंचल प्रभारी वैभव गुप्ता, अध्यक्ष दिनेश गुप्ता, जागरण संयोजक संतोष साहू, संच सचिव जगत ठाकुर, संस्कार संरक्षक राजकुमार अग्रहरि, गौ रक्षक संयोजक जगन्नाथ गुप्ता, एसएसपीएम प्रित्तम कौर, लक्ष्मी यादव, राजेश्वरी नाग उपस्थित रहे। साथ ही अंचल के सभी सेवाभावी भाई बहन, संच के आचार्य व गीदम नगर के गणमान्य नागरिक भी उपस्थित रहे।

## थीम के साथ 100 दिवसीय अभियान शुरू

# जनभागीदारी से टीबी पर प्रहार

हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

विश्व क्षय दिवस के अवसर पर जिला स्वास्थ्य समिति बीजापुर द्वारा जी हां हम टीबी को खत्म कर सकते हैं, भारत के नेतृत्व में, जनभागीदारी के बल पर थीम के साथ 100 दिवसीय टीबी मुक्त भारत अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर निश्चय वाहन को हरी झंडी दिखाकर अभियान की शुरुआत की गई।

■ सराहनीय योगदान देने वाले स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं को सम्मानित किया गया



कार्यक्रम में कलेक्टर एवं जिला दंडाधिकारी संबित मिश्रा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नम्रता चौबे नगर पालिका परिषद बीजापुर के उपाध्यक्ष भुवन सिंह चौहान सहित सरपंच नीता शाह, पार्षद बसंती निंगम एवं स्वर्णरेखा सीएमएचओ डॉ. बीआर पुजारी सहित अन्य जनप्रतिनिधि गण एवं स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के स्वागत से हुई, जिसमें जिला क्षय अधिकारी डॉ. आदित्य साहू एवं स्वास्थ्य विभाग की टीम ने अतिथियों का अभिनंदन किया।

इस अवसर पर वर्ष 2024 में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली 29 ग्राम पंचायतों को टीबी मुक्त पंचायत घोषित करते हुए गांधी की प्रतिमा एवं प्रमाण पत्र प्रदान किए गए। साथ ही टीबी उन्मूलन कार्यक्रम में सराहनीय योगदान देने वाले स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं सीएचओ, एमटी, आरएचओ आदि को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के दौरान कलेक्टर ने 12 टीबी मरीजों को पोषण आहार भी वितरित किया, जिससे उनके स्वास्थ्य सुधार में सहायता मिल सके। कार्यक्रम का सफल संचालन रमाकांत पुनेठा द्वारा किया गया। यह अभियान न केवल टीबी उन्मूलन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है, बल्कि जनभागीदारी के माध्यम से स्वस्थ भारत के निर्माण का संकल्प भी दर्शाता है।

### प्रचार रथ को हरी झंडी



दंतेवाड़ा। विश्व क्षय दिवस के अवसर पर कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में 100 दिवस टीबी मुक्त भारत अभियान की सशक्त शुरुआत की गई। इस अभियान के तहत मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी सीएमएचओ डॉ. अजय रामटेक द्वारा प्रचार-प्रसार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। जिले को टीबी मुक्त बनाने के उद्देश्य से यह अभियान चार चरणों में संचालित किया जाएगा। अभियान के अंतर्गत स्वास्थ्य विभाग की टीमें ग्राम पंचायतों के पारा-मोहल्लों में घर-घर सर्वे कर उच्च जोखिम समूह के व्यक्तियों की पहचान करेंगी। चिन्हित व्यक्तियों का एक्स-रे परीक्षण कराया जाएगा तथा संदेहास्पद मरीजों की निःशुल्क जांच सुनिश्चित की जाएगी, ताकि टीबी की शीघ्र पहचान और समय पर उपचार संभव हो सके। इस पहल से जिले में टीबी उन्मूलन की दिशा में महत्वपूर्ण प्रगति की उम्मीद जताई जा रही है। अभियान के शुभारंभ अवसर पर डीपीएम प्रतीक सोनी, डीटीओ डॉ. साकेत लहरें सहित टीबी कार्यक्रम से जुड़े समस्त अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# आधुनिक कृषि तकनीक पर किसानों को दी गई जानकारी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| बीजापुर

इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय के अंतर्गत संचालित कृषि विज्ञान केंद्र बीजापुर में एक्सटेंशन रिफॉर्म्स आत्मा योजना के तहत कृषक वैज्ञानिक परिचर्चा कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में कृषि, उद्यानिकी, मतस्यिकी एवं पशुपालन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी तथा बड़ी संख्या में किसान भाई-बहन शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत अतिथियों के स्वागत के साथ हुई। इस अवसर पर डॉ. राजीव शर्मा उप संचालक पशुपालन अरुण सकनी कृषि विज्ञान केन्द्र बीजापुर मत्स्य विभाग से दामोदर यालम एवं कृष्णा कुमार सिन्हा सहित अन्य अधिकारी गण उपस्थित थे।

कार्यक्रम का प्रारंभ अरविंद आयाम कार्यक्रम सहायक ने किया। जिसमें उन्होंने फसलों में लगने वाले कीटों के प्रकोप एवं नियंत्रण उपायों के साथ-साथ मशरूम उत्पादन पर विस्तृत जानकारी दी। डॉ. राजीव शर्मा ने पशुपालन से संबंधित योजनाओं की जानकारी दी वहीं कृष्णा कुमार सिन्हा ने बीजामृत, नीमास्त्र, जीवामृत एवं सिंचाई योजनाओं पर प्रकाश डाला। दामोदर यालम ने मत्स्य पालन की संभावनाओं एवं योजनाओं के बारे में बताया। डॉ. अरुण कुमार सकनी ने प्राकृतिक खेती के लाभों पर जोर दिया।

उद्यानिकी वैज्ञानिक डॉ. भूपेंद्र कुमार तारम ने पोषण वाटिका एवं उद्यानिकी फसलों की जानकारी दी जबकि डॉ. राजकमल पटेल एग्रोनॉमी ने दलहनी एवं तिलहनी फसलों पर मार्गदर्शन दिया। इसके अलावा डॉ मिथलेश कुमार ने कृषि उपकरणों एवं मशीनों की जानकारी दी तथा डॉ. दिनेश मरापी फार्म मैनेजर ने फसल प्रबंधन पर विस्तार से चर्चा की। कार्यक्रम का मुख्य व्याख्यान डॉ. योगेश कुमार मेश्राम द्वारा दिया गया जिसमें उन्होंने कीट प्रबंधन, फसल सुरक्षा एवं आधुनिक कृषि तकनीकों पर किसानों को विस्तृत जानकारी प्रदान की।

## बेड़ागांव में देवी दर्शन कर प्रदेशवासियों की खुशहाली की कामना की



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

चैत्र नवरात्रि में भाजपा प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक किरण सिंह देव ने बकावंड ब्लाक के बेड़ागांव में प्राचीन हिंगलाजिन मंदिर में मां हिंगलाजिन देवी दर्शन किए। इस अवसर पर मां भगवती शारदा भवानी मैहर वाली सरस्वती प्राण प्रतिष्ठा में सम्मिलित होकर दर्शन लाभ प्राप्त किया ।प्रकृति की गोद में बसा बेड़ागांव न केवल आस्था का केंद्र है, बल्कि बस्तर की समृद्ध संस्कृति, परंपरा और आध्यात्मिक विरासत का जीवंत उदाहरण है। उन्होंने प्रदेशवासियों की खुशहाली और समृद्धि की कामना की।

इस अवसर पर बैस मालगुजार परिवार के सदस्यों सहित मंदिर के अध्यक्ष एवं संरक्षक अजय सिंह बैस, पुजारी परिवार, मांझी, चालकी, सेवादार, सिरहा, सरपंच सहित भक्तगण उपस्थित रहे।

# जावंगा में कैरियर अन्वेषण विद एआई हैकाथॉन 29 को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दंतेवाड़ा

जिले के विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीकी शिक्षा से जोड़ते हुए उनके करियर विकल्पों को व्यापक बनाने के उद्देश्य से एक महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। इसी क्रम में जिले के विभिन्न पोटाकेबिन आवासीय विद्यालयों एवं कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालयों में संचालित एआई डिजिटल शिक्षा कार्यक्रम के अंतर्गत चयनित छात्र-छात्राओं के लिए कैरियर अन्वेषण विद एआई हैकाथॉन का आयोजन किया जा रहा है। यह हैकाथॉन 29 मार्च को एजुकेशन सिटी जावांगा स्थित बीपीओ कॉल सेंटर में आयोजित होगा। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों को आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के माध्यम से करियर के विभिन्न आयामों से परिचित कराना, उनकी रचनात्मकता, समस्या समाधान क्षमता एवं नवाचार सोच को विकसित करना तथा उन्हें भविष्य की तकनीकों के अनुरूप तैयार करना है। वर्षभर संचालित एआई डिजिटल शिक्षा कार्यक्रम से जुड़े प्रतिभागियों की इसमें भागीदारी सुनिश्चित की गई है। हैकाथॉन में जिले के विभिन्न पोटाकेबिन एवं कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालयों से चयनित विद्यार्थी भाग लेंगे। प्रतिभागियों को विभिन्न विषय-आधारित समूहों में विभाजित कर एआई आधारित समाधान विकसित करने का अवसर प्रदान किया जाएगा।

■ उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को किया जाएगा सम्मानित



कार्यक्रम के अंतर्गत एआई आधारित करियर अवसरों पर उन्मुखीकरण सत्र, विभिन्न विषयों पर समूह आधारित परियोजना कार्य, समस्या समाधान एवं नवाचार आधारित चुनौतियां, विशेषज्ञों द्वारा मार्गदर्शन एवं मेंटरशिप तथा प्रतिभागियों द्वारा परियोजना प्रस्तुतीकरण आयोजित किया जाएगा। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का चयन कर उन्हें सम्मानित किया जाएगा, साथ ही वर्षभर इन बच्चों को प्रशिक्षित करने वाले एआई फेसिलिटेटरों को भी सम्मानित किया जाएगा।

यह कार्यक्रम कलेक्टर, दंतेवाड़ा के मार्गदर्शन एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जिला पंचायत के निर्देशन में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम के सफल संचालन हेतु जिला शिक्षा अधिकारी एवं जिला मिशन समन्वयक, समग्र शिक्षा द्वारा सतत मॉनिटरिंग एवं समन्वय किया जा रहा है।

## खिलाड़ियों से मिले पूर्व मंत्री बेटियों के प्रदर्शन पर जताया गर्व



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भोपालपटनम

जिले के जनप्रिय नेता एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री महेश गागड़ा ने दिल्ली प्रवास के दौरान खेल जगत से जुड़ी प्रतिभाशाली खिलाड़ियों और प्रशिक्षकों से सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने दिल्ली पब्लिक स्कूल राजनांदगांव की बालिका बास्केटबॉल टीम और साई के अंतरराष्ट्रीय प्रशिक्षक कलवा राजेश्वर राव से मुलाकात कर उनका उत्साहवर्धन किया।

यह टीम हाल ही में राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर प्रदेश का नाम गौरवान्वित कर चुकी है। मुलाकात के दौरान श्री गागड़ा ने खिलाड़ियों से संवाद करते हुए उनके अनुभव, प्रशिक्षण और भविष्य की योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी ली।

इस अवसर पर उन्होंने कहा कि प्रदेश की बेटियां खेल के क्षेत्र में लगातार आगे बढ़ रही हैं, जो न केवल प्रेरणादायक है बल्कि समाज के लिए एक सकारात्मक संकेत भी है। उन्होंने खिलाड़ियों को भविष्य के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सरकार और समाज को ऐसी प्रतिभाओं को आगे बढ़ाने के लिए हरसंभव सहयोग करना चाहिए। इस मुलाकात से खिलाड़ियों में भी उत्साह देखने को मिला और उन्होंने अपने अनुभव साझा करते हुए आगे और बेहतर प्रदर्शन करने का संकल्प लिया।

## शंहर में आज सजेगी विशेष भित्तिचित्र प्रदर्शनी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर की माटी की महक और यहां की प्राचीन लोक कलाओं को वैश्विक पटल पर नई पहचान दिलाने के संकल्प के साथ शुक्रवार को एक विशेष चित्रकला प्रदर्शनी का आयोजन होने जा रहा है। जिला प्रशासन बस्तर के सौजन्य से आयोजित यह प्रदर्शनी बस्तर एकेडमी ऑफ डांस, आर्ट एंड लिटरेचर बादल आसना और संस्कार भारती बस्तर जिला इकाई के संयुक्त प्रयासों का प्रतिफल है। इस विशेष आयोजन का मुख्य केंद्र जगदलपुर स्थित दलपत सागर के समीप बस्तर आर्ट गैलरी को बनाया गया है, जहां कला के विविध रंग बिखरे नजर आएंगे। इस प्रदर्शनी की सबसे बड़ी विशेषता इसमें प्रदर्शित होने वाले भित्ति चित्र हैं, जो विशेष रूप से बस्तर शैली और रजवार शैली की अनूठी कलात्मकता को रेखांकित करते हैं। उल्लेखनीय है कि इन कलाकृतियों का सृजन बादल संस्थान द्वारा आयोजित पांच दिवसीय सघन भित्ति चित्र कार्यशाला के दौरान किया गया था। इस कार्यशाला में छत्तीसगढ़ के कोने-कोने से आए प्रतिभावान चित्रकारों ने अपनी तूलिका के माध्यम से लोक जीवन, परंपराओं और लोक गाथाओं को कैनवास और दीवारों पर जीवंत किया है।

### निधन

#### गौरी प्रिया महापात्र



जगदलपुर। राजपुरोहित परिवार की गौरी प्रिया महापात्र (72) पति स्वर्गीय कृष्ण कुमार महापात्र का आज सुबह निवास में निधन हो गया। वह कुछ महिने से अस्वस्थ थी। अंतिम यात्रा गुरूवार की सुबह 11 बजे निवास भैरमदेव वार्ड से मुक्ति धाम के लिए निकली। परिजन, उत्कल समाज समेत शहरवासी शामिल थे। शिक्षा विभाग में कार्यरत पूर्णचंद्र महापात्र तथा पीडब्लूडी कर्मचारी गंगाधर महापात्र की वह मां थी। दो पुत्र, दो पुत्री समेत नाती पोते से भरा पूरा परिवार छोड़ गई।

## एनीमिया से रोकथाम के लिए लगा शिविर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| गीदम

एनीमिया बीमारी से रोकथाम के लिए एक दिवसीय स्वास्थ शिविर आयोजित किया गया। एसबीआई फाउंडेशन और परिवर्तन समाज विकास समिति के सहयोग से ग्राम पंचायत भटपाल के नेउरनार में एनीमिया निवारण विशेष स्वास्थ शिविर का सफल आयोजन किया गया। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों के रहवासियों में एनीमिया संबंधी बीमारियों की रोकथाम और उपचार के प्रति जागरूकता फैलाना था। शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टर और परिवर्तन समाज विकास समिति दंतेवाड़ा टीम ने 168 मरीजों का निशुल्क उपचार और दवाइयां भी वितरण किया गया। इसके अतिरिक्त 111 लोगों का पैथोलॉजी परीक्षण भी किया गया। जिससे उनकी स्वास्थ समस्याओं का गहराई से विश्लेषण और उपचार सुनिश्चित कर सके।



इस शिविर में परिवर्तन समाज विकास समिति दंतेवाड़ा के जिला समन्वयक मोहनीश कुमार यादव, डा निलेश, फार्मसिस्ट सविता भारती, लैब टेक्नीशियन गेंदकुमारी यादव, स्टाफ नर्स उर्वशी, पायलेट राजेश ताती अपनी सेवाएं प्रदान की तथा ग्राम के सरपंच, उपसरपंच, पंच, सचिव, ग्रामीण पटेल और मितानिन तथा स्वास्थ्य विभाग का भी इस शिविर में महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## चितालंका को मिला नवीन महतारी सदन



दंतेवाड़ा। जनपद पंचायत दंतेवाड़ा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रदीप पटेल एवं ग्राम पंचायत चितालंका की सरपंच मुन्नी भास्कर की उपस्थिति में आरईएस विभाग द्वारा निर्मित महतारी सदन चितालंका का विधिवत हस्तांतरण किया गया। यह भवन आरईएस विभाग के एसडीओ एम. घोड़मोड़े एवं इंजीनियर विजय देवांगन द्वारा एकता महिला संकुल संगठन चितालंका को सौंपा गया। इस दौरान संकुल संगठन की अध्यक्ष राधा, सचिव सरिता ठाकुर सहित सभी महिला सदस्य (दीदियाँ) उपस्थित रहीं। महतारी सदन का उपयोग संकुल संगठन के कार्यालय के रूप में किया जाएगा, साथ ही यहां विभिन्न आजीविका गतिविधियों के संचालन एवं राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के अंतर्गत प्रशिक्षण कार्यक्रम भी आयोजित किए जाएंगे। यह पहल महिलाओं के सशक्तिकरण एवं आजीविका संवर्धन की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

# भक्तिमय हुआ लौह नगरी, जगह-जगह कन्या भोज

हरिभूमि न्यूज ▶▶| किरंदुल



चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर गुरुवार लौह नगरी किरंदुल पूरी तरह भक्ति के रंग में डूबी नजर आई। नगर में हर साल की तरह इस बार भी कन्या भोज को लेकर भारी उत्साह देखा गया।

शहर के विभिन्न मंदिरों, सार्वजनिक पंडालों और घरों में विधि विधान के साथ कन्या पूजन व भोज का आयोजन किया गया। सुबह से ही नन्हीं कन्याओं के स्वागत के लिए श्रद्धालुओं में उत्साह देखा गया। नगर के प्रमुख मंदिरों सहित विभिन्न कॉलोनियों में सुबह विशेष हवन पूजन किया गया जिसके बाद कन्या भोज का सिलसिला शुरू हुआ। श्रद्धालुओं ने छोटी छोटी कन्याओं के पैर पखारे, उन्हें तिलक लगाया और चुनरी ओढ़ाकर साक्षात देवी स्वरूप मानकर उनकी पूजा की। हलवा, पूरी और काले चने का विशेष प्रसाद खिलाया गया। समापन पर माता रानी के रूप में पधारे कन्याओं एवं छोटे छोटे भैरव बाबाओं को भोज के बाद फल, उपहार और दक्षिणा देकर सबसे आशीर्वाद लेकर विदा किया गया।



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

## खबर संक्षेप

### परसुली में 3 अप्रैल को कांटा बैगा जातरा मेला

**धमतरी।** ग्राम परसुली में ग्रामवासियों के सहयोग से इस वर्ष भी 3 अप्रैल शुक्रवार को कांटा बैगा जातरा मेला का आयोजन किया गया है। रात्रि में लोगों के मनोरंजन के लिए मोर मयारू छत्तीसगढ़ी नाचा पार्टी बिक्रमसिंह डाकू छेड़िया भरदा गुरूर का प्रोग्राम रखा गया है। यह जानकारी ग्राम विकास समिति के अध्यक्ष तोमेश्ववर निषाद, उपाध्यक्ष मेघनाथ साहू, सचिव तोरण निषाद व सरपंच प्रेमू चंद्रवंशी ने दी।

### बगदेही में निःशुल्क नेत्र जांच आज

**धमतरी।** महावीर इंटरनेशनल शाखा के तत्वावधान में आगामी दिनों में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर, गन्ना रस वितरण और गौसेवा जैसे जनहितकारी एवं धार्मिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। स्व. श्रीमती केशर देवी जसराज ओस्तवाल की स्मृति में 27 मार्च को बाजार चौक बगदेही (कुरुद) में निःशुल्क नेत्र जांच एवं चश्मा वितरण शिविर आयोजित होगा। शिविर में अरविंदो नेत्रालय रायपुर के विशेषज्ञ चिकित्सकों द्वारा सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक मरीजों की जांच कर उन्हें निःशुल्क चश्मे वितरित किए जाएंगे। 29 मार्च को महावीर जयंती पर महावीर वीरा शाखा द्वारा सुबह 11 से 12 बजे तक आमंत्रण ज्वेलर्स के पास गन्ना रस का वितरण किया जाएगा। राष्ट्रीय गौशाला में गौ माता को गुड़ एवं रोटी खिलाकर गौसेवा का पुण्य कार्य भी किया जाएगा।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से बुजुर्ग की मौत

**महासमुंद।** अज्ञात वाहन की टक्कर से एक बुजुर्ग व्यक्ति की मौत हो गई। मामले की सूचना पर बसना थाने में आरोपी अज्ञात वाहन चालक के विरूद्ध जुर्म दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि अज्ञात वाहन की ठोकर से गंगाधर बरिहा पिता हिरालाल बरिहा (60 साल) कलीहारी थाना सरसीवां जिला सारंगढ़ बिलाईगढ हाल निवास वार्ड नं 06 बसना थाना बसना की मौत हो गई। पुलिस ने सीएचसी बसना से मिली सूचना के बाद मामले में अज्ञात वाहन चालक के विरूद्ध अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया है

### एलपीजी कालाबाजारी करने वाले के खिलाफ कार्रवाई

**महासमुंद।** जिला पुलिस ने "शिकायत हेल्प डेस्क- "संवाद" पर एलपीजी की कालाबाजारी संबंधी मिली गुप्त सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए एक व्यक्ति को गिरफ्तार किया है। मामले में आरोपी के खिलाफ बागबाहरा थाने में आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत तहत कार्रवाई की गई। पुलिस ने बताया कि जिले में घरेलू गैस का अवैध कारोबार के खिलाफ महासमुंद पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत बागबाहरा पुलिस ने एक गुप्त सूचना के आधार पर घरेलू गैस सिलेंडरों की कालाबाजारी करने वाले के राजकुमार पटेल पिता श्याम लाल पटेल (38 साल) निवासी वार्ड नंबर दो झलप चौक बागबाहरा के खिलाफ सख्त कार्रवाई की है। एलपीजी रिफिलिंग के अवैध ठिकाने पर छापेमारी कर बड़े गिरोह का भंडाफोड़ किया है। मौके से 7 खाली घरेलू एलपीजी सिलेंडर गैस, रिफिलिंग पाइप इलेक्ट्रिक तौल मशीन, दो वाहनों सहित अन्य खतरनाक उपकरण जब्त किए गए हैं। बरामद सामानों की कीमत कीमत 8, 09, 000 रुपए को बरामद किया है।

# खेलकूद प्रतियोगिता में महिलाओं और बालिकाओं ने किया उत्कृष्ट प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

बस्तर धाकड़ क्षत्रिय राजपूत समाज के संरक्षक एवं सुकमा जमींदार कुमार जयदेव के मार्गदर्शन में समाज द्वारा आयोजित महिला खेलकूद प्रतियोगिता का उत्साहपूर्ण समापन हुआ, जिसमें विभिन्न वर्गों की प्रतिभागियों ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम में महिलाओं और बालिकाओं ने खेल भावना के साथ प्रतिस्पर्धा करते हुए अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता के अंत में विजेताओं की घोषणा की गई, जिससे प्रतिभागियों में खासा उत्साह देखने को मिला।

## विभिन्न वर्गों की प्रतिभागियों ने लिया बढ़-चढ़कर हिस्सा



### बालिकाओं को खेलकूद से सशक्त बनाना उद्देश्य

समाज के संभागीय अध्यक्ष योगेश ठाकुर ने कहा इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज की महिलाओं और बालिकाओं को खेलकूद के माध्यम से सशक्त बनाना एवं आपसी एकता को बढ़ावा देना रहा। प्रतियोगिता में बड़ी संख्या में प्रतिभागियों ने हिस्सा लेकर उत्साह का परिचय दिया। आयोजकों ने बताया कि इस प्रकार के कार्यक्रम समाज में न केवल प्रतिभाओं को मंच प्रदान करते हैं, बल्कि नई पीढ़ी को स्वस्थ प्रतिस्पर्धा और संस्कारों से भी जोड़ते हैं। विजेताओं को सम्मानित कर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई,वहीं प्रतिभागियों ने भी आयोजन की सराहना करते हुए भविष्य में ऐसे कार्यक्रमों की निरंतरता की अपेक्षा जताई।

महिला वर्ग की कुर्सी दौड़ में प्रीति मंगत ने प्रथम स्थान प्राप्त किया, जबकि अंजू बघेल द्वितीय और अंजली बघेल तृतीय स्थान पर रहीं। बालिका वर्ग में कु पूर्वी ठाकुर ने पहला स्थान हासिल किया, वहीं कु. सोनिका ठाकुर द्वितीय और कु. सृष्टि ठाकुर तृतीय स्थान पर रहीं। वृद्ध वर्ग में छवना सिंह ठाकुर ने प्रथम स्थान प्राप्त कर सभी को प्रेरित किया। फुगड़ी प्रतियोगिता में भी प्रतिभागियों ने शानदार प्रदर्शन किया। बालक वर्ग में छाया सिंह ठाकुर प्रथम,रजत सिंह ठाकुर द्वितीय और राधिका ठाकुर तृतीय स्थान पर रहे। बालिका वर्ग में कु. सोनिका ठाकुर ने प्रथम, कु. सृष्टि ठाकुर ने द्वितीय तथा कु. प्रियंका ठाकुर ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

## राजीव भवन में शहर जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक

# नई कार्यकारिणी की पहली बैठक में संगठन की मजबूती पर जोर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

राजीव भवन में गुरुवार कोशहर जिला कांग्रेस कमेटी की नवीन कार्यकारिणी की प्रथम बैठक आयोजित की गई,जिसमें संगठन को मजबूत बनाने, आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा तय करने

- कार्यकर्ताओं को अनुशासन व जनहित के मुद्दों पर सक्रिय रहने के निर्देश



और पार्टी की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं ने एकजुट होकर पार्टी की रीति-नीति पर चलने का सामूहिक संकल्प लिया।

बैठक में संगठन की सक्रियता बढ़ाने,जमीनी स्तर पर कार्य विस्तार और जनसंपर्क अभियान को गति देने के साथ ही आने वाले चुनावों को ध्यान में रखते हुए रणनीतिक पहलुओं पर भी विचार-विमर्श किया गया। कार्यकर्ताओं को क्षेत्र में सक्रिय रहकर जनता की समस्याओं को प्रमुखता से उठाने और पार्टी के विचारों को प्रभावी ढंग से प्रस्तुत करने का आह्वान किया गया।

बैठक को संबोधित करते हुए शहर जिला कांग्रेस अध्यक्ष सुशील मोर्य ने कहा कि प्रत्येक पदाधिकारी और कार्यकर्ता को पीसीसी एवं डीसीसी से प्राप्त निर्देशों का अनुशासनपूर्वक पालन करना चाहिए। उन्होंने संगठन को मजबूत करने के लिए स्पष्ट दिशा-निर्देश देते हुए कहा कि वर्तमान समय में जनता के मुद्दों को प्रमुखता से उठाना आवश्यक है और कांग्रेस की जनहितकारी सोच को घर-घर तक पहुंचाना ही संगठन का मुख्य उद्देश्य होना चाहिए।

उन्होंने आगे कहा कि प्रत्येक कार्यकर्ता संगठन की शक्ति है और सभी को मिलकर कंधे से कंधा मिलाते हुए पार्टी को मजबूत बनाना होगा। आने वाले समय में जनविरोधी नीतियों का विरोध करते हुए जनता के हित में कार्य करना ही प्राथमिक लक्ष्य रहेगा।

बैठक में आगामी चुनावों को लेकर भी चर्चा हुई, जिसमें संगठन के विस्तार,बूथ स्तर तक सक्रियता बढ़ाने और कांग्रेस की विचारधारा को मजबूती से स्थापित करने की रणनीति बनाई गई। कार्यकर्ताओं में उत्साह का माहौल देखने को मिला और सभी ने संगठन को सशक्त बनाने के लिए समर्पित भाव से कार्य करने का संकल्प दोहराया। बैठक में वरिष्ठ कांग्रेसजन सहित नवीन कार्यकारिणी के सभी पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। शहर जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष सुशील मौर्य ने सभी कार्यकर्ताओं को संगठन हित में सक्रिय भूमिका निभाने का आह्वान किया।

### संगठन विस्तार के साथ जनसंपर्क पर विशेष जोर

बैठक में यह स्पष्ट किया गया कि संगठन की मजबूती केवल पदों से नहीं बल्कि सक्रिय कार्यशैली और जनसंपर्क से आती है। कार्यकर्ताओं को निर्देशित किया गया कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में नियमित संवाद स्थापित करें, आमजन की समस्याओं को सुनें और उनके समाधान के लिए प्रयास करें। साथ ही पार्टी की नीतियों और योजनाओं को प्रभावी ढंग से लोगों तक पहुंचाने के लिए विशेष अभियान चलाने पर जोर दिया गया। बैठक में यह भी तय हुआ कि संगठनात्मक गतिविधियों को निरंतर जारी रखते हुए प्रत्येक स्तर पर समन्वय और अनुशासन बनाए रखा जाएगा, जिससे पार्टी को जमीनी स्तर पर और अधिक मजबूती मिल सके।

## पुसपाल वैली में विद्यार्थियों ने हटाया प्लास्टिक कचरा, की साफ-सफाई



हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय की वाणिज्य अध्ययनशाला के विद्यार्थियों ने नागरिक कर्तव्यों का परिचय देते हुए पर्यटन स्थल पुसपाल वैली में स्वच्छता अभियान चलाया। बीकॉम और एमकॉम के

- सामाजिक जिम्मेदारी और जागरूकता बढ़ाने पर दिया जोर

द्वितीय एवं चतुर्थ सेमेस्टर के करीब 50 विद्यार्थियों ने अभियान में भाग लेते हुए प्लास्टिक सहित अन्य कचरे को एकत्र कर क्षेत्र की साफ-सफाई में योगदान दिया।

इस पहल का उद्देश्य विद्यार्थियों में सामाजिक जिम्मेदारी की भावना विकसित करना और पर्यावरण संरक्षण के प्रति जागरूकता बढ़ाना रहा। विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए पर्यावरण स्वच्छता का संदेश भी दिया। प्रभारी विभागाध्यक्ष डॉ रश्मि देवांगन के मार्गदर्शन में आयोजित इस अभियान में विद्यार्थियों की टीम को डॉ. रवि मल्होत्रा,डॉ लक्ष्मण प्रसाद एवं उज्ज्वल पुरी गोस्वामी ने नेतृत्व प्रदान किया।

पुष्पाल वैली में आयोजित इस स्वच्छता अभियान के माध्यम से विद्यार्थियों ने न केवल पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया बल्कि समाज में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाने का भी प्रयास किया, प्लास्टिक कचरे को हटाकर प्राकृतिक सौंदर्य को सुरक्षित रखने की दिशा में यह एक सार्थक पहल रही,ऐसे आयोजनों से युवाओं में सामाजिक जिम्मेदारी,सामूहिक सहभागिता और पर्यावरण के प्रति संवेदनशीलता विकसित होती है,जो भविष्य में स्वच्छ और जागरूक समाज के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है।

## महाष्टमी की महिमा गान से गूंजा बस्तर, हवन-भंडारों में उमड़ी आस्था

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

चैत्र नवरात्रि की महाष्टमी पर दंतेश्वरी मंदिर में मनोकामना जोत कलश रखने वाले श्रद्धालुओं के लिए विशेष हवन-अनुष्ठान का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में भक्तों ने पूर्णाहुति देकर अपनी श्रद्धा अर्पित की। मंदिर परिसर में व्यवस्थाओं को सुव्यवस्थित रखने हेतु केवल

- मां दंतेश्वरी दरबार में पूर्णाहुति के साथ सम्पन्न हुए अनुष्ठान



कलश धारकों को ही प्रवेश दिया गया।

महाष्टमी के पावन अवसर पर सुबह से ही मंदिर में दर्शनार्थियों की लंबी कतारें लगी रहीं। भक्तों की भारी भीड़ को देखते हुए पुलिस बल की तैनाती भी की गई थी। दोपहर लगभग बारह बजे यज्ञशाला में विधिवत हवन प्रारंभ हुआ, जिसमें परिवार सहित पहुंचे श्रद्धालुओं ने आहुतियां दीं। पूरे वातावरण में मंत्रोच्चार और जयकारों की गूंज ने धार्मिक माहौल को और भी भक्तिमय बना दिया।

इसी क्रम में शहर के विभिन्न क्षेत्रों में भंडारों का आयोजन भी किया गया,जहां हजारों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण कर पुण्य लाभ अर्जित किया। कुम्हारपारा स्थित पौराणिक मां दुर्गा मंदिर में भी महाष्टमी के अवसर पर हवन पूजन एवं नवकन्या पूजन विधि-विधान के साथ संपन्न हुआ। तत्पश्चात भंडारे का आयोजन कर श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरित किया गया।

इस दौरान पंडित निरंजन पाढ़ी,सिरहा पूरन सिंह ठाकुर, पुजारी विक्रम सिंह ठाकुर,विकास ठाकुर,मोहन ठाकुर, गंगाधर ठाकुर, नरेंद्र, चंदू, पंकज, पीयूष, दशरथ, राजीव मिश्रा, सुलोचना, पूजा, खुश्बू, हेमलता, प्रेमलता, अशोक, अजय तिवारी सहित नगर के अनेक श्रद्धालु उपस्थित रहे।

महाष्टमी के पावन अवसर पर जगदलपुर शहर के विभिन्न मोहल्लों और मंदिरों में भंडारे का आयोजन कर सेवा और समर्पण की अनूठी मिसाल प्रस्तुत की गई। श्रद्धालुओं ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए न केवल प्रसाद ग्रहण किया, बल्कि व्यवस्था में भी सक्रिय सहयोग दिया। धार्मिक अनुष्ठानों के साथ-साथ नवकन्या पूजन,हवन और भक्ति कार्यक्रमों ने पूरे शहर को भक्तिमय वातावरण में सराबोर कर दिया,जहां हर ओर माता रानी के जयकारों की गूंज सुनाई देती रही।

## पौधरोपण व पक्षी दर्शन से प्रकृति से जुड़ाव बढ़ाने का प्रयास

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

विश्व वानिकी दिवस के अवसर पर शहीद महेंद्र कर्मा विश्वविद्यालय में वानिकी एवं वन्यजीव अध्ययनशाला द्वारा एक दिवसीय विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस वर्ष की वैश्विक थीम 'वन और अर्थव्यवस्था' पर केंद्रित कार्यक्रम में प्रकृति संरक्षण और उसके आर्थिक महत्व पर सारगर्भित

- वन और अर्थव्यवस्था' थीम पर विशेषज्ञों ने रखे विचार



चर्चा हुई।

कार्यक्रम का शुभारंभ पौधरोपण एवं पक्षी दर्शन गतिविधियों के साथ किया गया, जिसमें विद्यार्थियों और शोधार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। विभागाध्यक्ष प्रो शरद नेमा ने पारिस्थितिकी और मानव जीवन में वनों की उपयोगिता पर प्रकाश डालते हुए राजकीय पक्षी पहाड़ी मैना के महत्व को भी रेखांकित किया। उन्होंने बताया कि स्वस्थ वन न केवल शुद्ध वायु और जल प्रदान करते हैं,बल्कि स्थानीय आजीविका और राष्ट्रीय अर्थव्यवस्था के लिए भी अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

कार्यक्रम में उपस्थित रेंजर अक्षय कश्यप ने वन संरक्षण की वर्तमान चुनौतियों पर चर्चा करते हुए बदलते सामाजिक ढांचे के प्रभावों को रेखांकित किया। वहीं वर्ल्डवाइड फैलो युगल जोशी ने पक्षियों की स्थानीय एवं प्रवासी प्रजातियों के बारे में जानकारी देते हुए 'मर्लिन' और 'ई-बर्ड' जैसे मोबाइल ऐप्स के उपयोग की विस्तृत जानकारी दी, जिससे पक्षी दर्शन को अधिक वैज्ञानिक और सरल बनाया जा सके।

कुलपति प्रो मनोज कुमार ने आयोजन की सराहना करते हुए इसे पर्यावरण जागरूकता की दिशा में महत्वपूर्ण पहल बताया।

उपस्थित प्रमुखजनों में प्रो शरद नेमा (विभागाध्यक्ष), अक्षय कश्यप (रेंजर), युगल जोशी (वर्ल्डवाइड फैलो), प्रो मनोज कुमार (कुलपति), डॉ विनोद कुमार सोनी, डॉ सजीवन कुमार, डॉ मेक्सुदान जायसवाल,डॉ भुनेश्वर लाल साहू,बिपुल पॉल सहित अन्य उपस्थित रहे।

विश्व वानिकी दिवस पर आयोजित इस कार्यक्रम में पौधरोपण, पक्षी दर्शन और विषयगत व्याख्यानों के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण का संदेश दिया गया, 'वन और अर्थव्यवस्था' थीम के अंतर्गत वनों के आर्थिक, सामाजिक और पारिस्थितिक महत्व को रेखांकित किया गया, साथ ही आधुनिक तकनीक जैसे 'मर्लिन' और 'ई-बर्ड' ऐप्स के जरिए पक्षी अध्ययन को सरल बनाने पर जोर दिया गया,इस आयोजन का उद्देश्य विद्यार्थियों और शोधार्थियों में प्रकृति के प्रति संवेदनशीलता,वैज्ञानिक दृष्टिकोण और संरक्षण की भावना विकसित करना रहा, जो सतत विकास की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है।

### कलेक्टर ने फील्ड ट्रेनर्स को दिया निष्ठा से कार्य करने का मंत्र

जगदलपुर। भारत की आगामी जनगणना 2027 के प्रथम चरण को सुव्यवस्थित ढंग से पूर्ण करने हेतु बस्तर जिले में प्रशासनिक स्तर पर व्यापक तैयारियां प्रारंभ हो गई हैं। जिला कलेक्टर एवं प्रमुख जनगणना अधिकारी आकाश छिकारा के मार्गदर्शन में आस्था हॉल में 36 फील्ड ट्रेनर्स के लिए तीन दिवसीय सघन प्रशिक्षण शिविर का शुभारंभ किया गया। यह प्रशिक्षण मुख्य रूप से मकान सूचीकरण और मकानों की गणना के महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य को त्रुटिरहित और समयबद्ध तरीके से संपन्न कराने के उद्देश्य से आयोजित किया जा रहा है। प्रशिक्षण सत्र के दौरान फील्ड ट्रेनर्स को संबोधित करते हुए कलेक्टर ने जनगणना की महत्ता पर प्रकाश डाला। उन्होंने अपने उद्बोधन में कहा कि जनगणना केवल आंकड़ों का संग्रह नहीं है, बल्कि यह भविष्य की योजनाओं और जन-कल्याण का आधार है। उन्होंने प्रशिक्षणार्थियों को निर्देशित किया कि वे गणना के प्रत्येक बिंदु को सूक्ष्मता से समझें, क्योंकि उनके द्वारा दिया गया प्रशिक्षण ही आगे चलकर प्रगणकों और पर्यवेक्षकों की कार्यक्षमता निर्धारित करेगा।

## रामनवमी पर आस्था का विराट उत्सव जीवंत झांकी से गूंजेगा शहर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

रामनवमी के पावन अवसर पर 360 घर आरण्यक ब्राह्मण समाज द्वारा हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी भव्य एवं आकर्षक जीवंत झाँकी का आयोजन किया जा रहा है। यह झाँकी शहर के प्रमुख मार्गों से होकर गुजरेगी,जिसमें भगवान श्रीराम के जीवन के विभिन्न प्रसंगों का सजीव एवं आकर्षक चित्रण प्रस्तुत किया जाएगा।

झाँकी का शुभारंभ जगन्नाथ मंदिर से किया जाएगा, जो दंतेश्वरी मंदिर, संजय बाजार,हनुमान मंदिर,चांदनी चौक,स्टेट बैंक चौक एवं मेन रोड होते हुए पुनः जगन्नाथ मंदिर में समापन होगा। समापन के पश्चात विधिवत पूजा-अनुष्ठान कर श्रद्धालुओं को भोग-प्रसाद वितरित किया जाएगा। इसी क्रम में 27 मार्च को समाज की वार्षिक महासभा (सामान्य सभा) का आयोजन भी किया जाएगा,जिसमें समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रतिभाशाली व्यक्तियों का सम्मान किया जाएगा। साथ ही वर्षभर आयोजित होने वाले सामाजिक,धार्मिक एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों को लेकर वरिष्ठजनों से विचार-विमर्श एवं सुझाव लिए जाएंगे।

समाज के अध्यक्ष वेदप्रकाश पांडे ने सभी समाजजन एवं श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस भव्य आयोजन को सफल बनाएं तथा महासभा में सहभागिता कर समाज की प्रगति, आवश्यक सुधार एवं आगामी योजनाओं पर अपने विचार प्रस्तुत करें।

# परिवार को मुआवजा और हत्यारों को फांसी की मांग

हरिभूमि न्यूज ⏭ जगदलपुर

विकासखंड जगदलपुर के ग्राम साड़गुड़ निवासी 19 साल के रोहित बघेल और 22 वर्षीय उमेश बघेल की ग्राम कलचा में रंगपंचमी के एक दिन पहले होने वाले पारंपरिक होली

- पारंपरिक होली में ग्राम कलचा में रात को मामूली विवाद पर दो युवकों की हुई थी हत्या
- भतरा समाज ने सांसद, विधायक, कलेक्टर और एसपी को मुख्यमंत्री के नाम सौंपा ज्ञापन



में मामूली विवाद पर हत्या कर दी गई थी। भतरा समाज के ये दोनों युवक गरीब परिवार के हैं। रोहित कॉलेज में प्रथम वर्ष का छात्र था और उमेश 12वीं के बाद आईटीआई इलेक्ट्रिकल में उत्तीर्ण होकर सरकारी नौकरी की तलाश में था। भतरा समाज विकास परिषद ने मुख्यमंत्री के नाम सांसद, विधायक, कलेक्टर और एसपी को ज्ञापन देकर पीड़ति परिवार को मुआवजा और हत्यारों को फांसी देने की मांग की है। ज्ञापन में कहा गया है कि इनके परिवार में कमाने वाला कोई नहीं है। जवान बेटों के चले जाने से माता पिता के देखरेख और भरण पोषण पर गंभीर संकट आ गया है। जीवन यापन के लिए सम्मानजनक मुआवजा की आवश्कता है। समाज के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और अन्य सदस्यों ने आवेदन में कहा है कि इसी माह 8 मार्च को मामूली विवाद पर दोनों की निर्मम हत्या कर दी गई थी। बस्तर में मेला, मड़ई और रात के समय नाट का होना आम बात है। इस हत्या से लोगों में डर भय और चिंता देखी जा रही है। पुलिस ऐसे गांव जहां रात के समय किसी आयोजन में भीड़ उमड़ती है वहां सुरक्षा व्यवस्था चुस्त करें और गश्त नियमित किया जाए।

### सांसद के गृह क्षेत्र में हत्या

नगरनार के पूर्व सरपंच तथा समाज के सक्रिय सदस्य लैखन बघेल ने कहा कि रात एक बजे के बाद हत्या हुई। यह गांव सांसद महेश कश्यप का गृह क्षेत्र है। जहां हत्या की रात के पहले शाम को विधायक किरण देव पहुंचे थे। ऐसे गांव में हत्या होना गंभीर बात है। दोनों युवा परिवार के कमाउ सदस्य थे इसलिए उनके जाने पर परिवार असहाय हो गया है।

नाम परिवर्तन

समक्ष श्रीमान अनुविभागिय अधिकारी (रा.) नारायणपुर जिला नारायणपुर नाम परिवर्तन हेतु शपथ-पत्र

मैं रामनाथ कुमेटी पिता सनू राम निवासी-माहका तहसील व जिला नारायणपुर राज्य छ.ग. 494661 का हूं। शपथपूर्वक निम्न कथन करता हूॅं कि -
1. यह कि मैं ग्राम- माहका तहसील व जिला नारायणपुर छ.ग. 494661 का/ की निवासी हूं।
2. यह कि मेरी पुत्री का नाम शिवन्या कुमेटी है। जो सत्य व सही है एवं उसके नाम से जारी जन्म प्रमाण पत्र एवं स्कूली प्रमाण पत्र में अंकित है।
3. यह कि मेरी पुत्री के नाम से आधार कार्ड क्रमांक 3291 8596 9300 जारी हुआ है। जिसमें मेरी पुत्री का नाम सिवानी लिखा गया है। जिसे मैं सुधरवाकर अपनी पुत्री का नाम शिवन्या कुमेटी लिखवाना चाहता हूं।
4. यह कि यह शपथ पत्र मेरी पुत्री के परिचय पत्र आधार कार्ड, अंकसूची एवं सभी शासकीय अर्द्धशासकीय दस्तावेजों अन्य अभिलेखों में मेरी पुत्री का नाम शिवन्या कुमेटी अंकित किये जाने बाबत शासकीय गजट में नाम परिवर्तन करने हेतु प्रकाशन किये जाने के समर्थन में प्रस्तुत है ।

शपथकर्ता -रामनाथ कुमेटी

// सत्यापन //

मैं रामनाथ कुमेटी पिता सनू राम निवासी- माहका तहसील व जिला नारायणपुर राज्य छ.ग. 494661 शपथकर्ता यह सत्यापित करता हूं कि शपथ पत्र बयान की कुल कंडिका क्रमांक 1 से 4 तक दी गई समस्त जानकारी मेरी निजी ज्ञान व विश्वास से सही व सत्य है। अतः आज दिनांक 26/03/2026 को स्थान नारायणपुर में पढ़कर व समझकर अपना हस्ताक्षर किया हूं । शपथकर्ता -रामनाथ कुमेटी


सनातन जगत की सकल आस्था के केंद्र
हमारे आराध्य मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री राम के
पावन अवतरण दिवस
श्री राम नवमी
की सभी श्रद्धालुओं और प्रदेश वासियों को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं
नि:शुल्क परामर्श
1 से 30 अप्रैल 26
सुलभतम पैकेज में अधिकतम सफलता
1700 से अधिक दम्पत्तियों ने पाया संतान सुख
नि:संतानता को संकोच नहीं,सही जांच की है जरूरत
बस्तर संभाग का प्रथम सर्व सुविधा युक्त आईवीएफ, फर्टिलिटी, टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर
डॉ. बंसल नर्सिंग होम
नि:संतान दंपत्तियों के लिए एक विश्वसनीय सेंटर
बालाजी वार्ड, जगदलपुर (बस्तर), फोन- 07782-224020 (क्लीनिक)
For Registration Call: 9425258201
Dr. Mamta Bansal
D.N.B, M.D., D.G.O.
Dr. Sukriti Bansal
MBBS, MD (O/G), Director IVF Center
Dr. Alpana Bansal
M.B.B.S.,D.G.O., M.D.
बंसल नर्सिंग होम फर्टिलिटी सोनोग्राफी एवं एवं आई केयर सेंटर
अति आधुनिक सर्व सुविधायुक्त लेजर एवं फेको नेत्र चिकित्सालय
डॉ. मनीष बंसल
नेत्र रोग विशेषज्ञ MS (Ophthalmology)
पूर्व असिस्टेन्ट प्रोफेसर शासकीय चिकित्सा महाविद्यालय सह महारानी हॉस्पिटल
बालाजी वार्ड, जगदलपुर, बस्तर, छग. फोन- 07782 223589, 7828667548


श्रीरामचन्द्र कृपालु भजु मन, हरण भवभय दारुणम।
नवकंज लोचन, कंज मुख, कर कंज, पद कंजारुणम॥
जय श्री राम
आप सभी को मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान
श्री रामलला के जन्मोत्सव
राम नवमी
की हार्दिक शुभकामनाएँ
विनीत- समस्त रामभक्त, बस्तर संभाग


राम जिनका नाम है, अयोध्या जिनका धाम है।
ऐसे रघुनंदन के चरणों में हमारा प्रणाम है।।
विश्व हिन्दू परिषद, बजरंग दल की ओर से
श्री राम नवमी
की हार्दिक शुभकामनाएं
विश्व हिन्दू परिषद
श्री राम जन्मोत्सव समिति
जगदलपुर में होने वाले श्रीराम जन्मोत्सव एवं
रामनवमी की शोभायात्रा पर आप सभी रामभक्तों को सहपरिवार आमंत्रित करते है।
रामनवमी
आमंत्रण
श्री रामनवमी
भव्य शोभायात्रा
तिथिः चैत्र शुक्ल नवमीं, विक्रम सम्वत, 2083 (रामनवमी)
दिनांकः 27 मार्च 2026, शुक्रवार
समयः दोपहर 3.00 बजे, स्थानः मां दंतेश्वरी मंदिर, जगदलपुर
जय श्री राम!
जितेन्द्र सिंह
क्षेत्र संगठन मंत्री
आचार्य राकेश
रवि ब्रम्हचारी
प्रांत सह मंत्री
योगेन्द्र कौशिक
अध्यक्ष, रामजन्मोत्सव समिति
शंकर गुप्ता
जिलाध्यक्ष विहिप.
जागेश्वरी साहू
जिला उपाध्यक्ष विहिप.
प्रेम चालकी
जिला उपाध्यक्ष विहिप.
जबिता मण्डावी
जिला उपाध्यक्ष विहिप.
नवीन देवांगन
जिला मंत्री विहिप.
श्रीनिवास रेड्डी
विभाग सह मंत्री विहिप.
सिकंदर कश्यप
विभाग संयोजक बजरंग दल
सुरेन्द्र तिवारी
कोषाध्यक्ष विहिप.
प्रतिक गुरू
नगर अध्यक्ष विहिप.
विष्णु ठाकुर
जिला संयोजक बजरंग दल
सोम सिंह ठाकुर
जिला सत्संग प्रमुख
पवन राजपूत
पूर्व नगर अध्यक्ष
विनीत- विश्व हिन्दू परिषद, श्रीराम जन्मोत्सव समिति, जगदलपुर, जिला बस्तर

## खबर संक्षेप

### कुरूद के पेट्रोल पम्प में प्रशासन का छापा 3100 लीटर अवैध डीजल जब्त

**धमतरी।** मंगलवार की शाम अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कुरुद के निर्देश पर राजस्व एवं पुलिस विभाग की संयुक्त टीम ने कुरुद-धमतरी मार्ग स्थित सर्वेश्वर ऑटो फ्यूल्स कुरुद का औचक निरीक्षण किया। जांच के दौरान पेट्रोल पम्प के पीछे बने स्टोर रूम एवं परिसर में संदिग्ध रूप से डीजल का भंडारण पाया गया। निरीक्षण में 4 ड्रम पूर्ण भरे हुए, 2 ड्रम आधे भरे हुए, 32 खाली ड्रम तथा 2 मिनी टैंकर वाहनों में लगभग 2100 लीटर डीजल पाया गया। प्रारंभिक जांच में कुल लगभग 3100 लीटर डीजल अवैध रूप से संग्रहित होना पाया गया। संयुक्त जांच दल ने पेट्रोलियम उत्पाद एवं संबंधित सामग्री को जब्त कर लिया है। संपूर्ण प्रकरण का प्रारंभिक जांच प्रतिवेदन तैयार कर अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) कुरुद को प्रस्तुत किया गया।

### 3 घंटे में दुरुस्त हुआ मोटरपंप, वार्डवासियों को मिली राहत

**धमतरी।** लालबगीचा वार्ड क्रमांक 03 में अचानक मोटर पंप खराब होने से उत्पन्न जल संकट पर नगर निगम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए महज 3 घंटे के भीतर समस्या का समाधान कर दिया। पानी की किल्लत से जूझ रहे वार्डवासियों को इस त्वरित पहल से राहत मिली। मोटर पंप खराब होने की सूचना मिलते ही महापौर रामू रोहरा एवं जल विभाग सभापति अखिलेश सोनकर के मार्गदर्शन में वार्ड पार्षद श्रीमती हिमानी भगवत साहू ने तुरंत संज्ञान लिया। स्थिति की गंभीरता को देखते हुए सबसे पहले वार्ड में पानी टैंकर की व्यवस्था कराई गई, ताकि नागरिकों को असुविधा न हो। इसके साथ ही नगर निगम की तकनीकी टीम को तत्काल मोटर पंप सुधारने के निर्देश दिए गए। टीम ने तेजी से कार्य करते हुए खराबी को दूर किया और मात्र 3 घंटे के भीतर जल आपूर्ति पुनः बहाल कर दी।

### राहगीरों को दिया जल संरक्षण का संदेश

धमतरी। जल है तो कल है, जल ही जीवन है को चरितार्थ करते हुए दिव्यांग प्रेरणा जनकल्याण समिति के सदस्यों ने सांकरा में स्थापित जरही माता मंदिर प्रांगण में बहते हुए नल टोटी को ठीक करते हुए चलते हुए राहगीरों को जल संरक्षण का संदेश दिया। घनश्याम सिंह साहू ने बताया कि जल ही जीवन है। इसकी उपयोगिता पर मितव्ययता बरतना जरुरी है तभी धरती पर जल संरक्षित रह सकता है। मौके पर पुराणिक साहू, बसंत कुमार विश्नोई, संतोषी विश्नोई, रोहित साहू, डेरहाराम, सुलोचना, सुलेखाअली, शिवचरण, सोमन मेश्राम, नीलकंठ उपस्थित थे।

### मौरीकला में श्रीमद् लक्ष्मीनारायण महायज्ञ 2 अप्रैल से

सिर्री। ग्राम मौरीकला (गुफा) में 5 दिवसीय श्रीमद लक्ष्मीनारायण महायज्ञ का आयोजन 2 से 6 अप्रैल तक किया गया है। महायज्ञ का अनुष्ठान मां तारिणी शक्तिपीठ गुरुजीभांठा, श्री सिद्धिविनायक आश्रम नवागांव बुड़ेनी नवापारा के महंत स्वामी उमेशानंद गिरी महाराज के सानिध्य में होगा। कथा सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक होगी। 2 अप्रैल को जलयात्रा, पंचांग पूजन की जायेगी। 3 अप्रैल को वेदी पूजन, यज्ञ स्थापना और रात्रिकालीन कार्यक्रम नवज्योति रामधुनी मंडली सिरसिदा (नारायण पटेल) की प्रस्तुति होगी। 4 अप्रैल को भगवान लक्ष्मीनारायण का महाअभिषेक सहित रात्रिकालीन कार्यक्रम जय मां दुर्गा मानस परिवार खुटेरी (इतवारी राम) की प्रस्तुति की जायेगी। 5 अप्रैल को हवन अभिषेक के साथ ही रात्रिकालीन कार्यक्रम सत्संग सरिता मानस परिवार हसदा (श्री गुरुशरण ) की प्रस्तुति होगी। 6 अप्रैल को हवन पूजन कर पूर्णाहुति की जायेगी। वेदी पूजन सुबह 8 से 10 बजे तक होगा। यज्ञकाल सुबह 10 से दोपहर 1 बजे तक होगा। महाआरती संध्या 6 बजे होगी। यज्ञाचार्य पं. मुकेश दीक्षित महाराज और यज्ञ हेतु ऋत्विज पं.ग जेंद्र शर्मा महाराज, पं.श्रवण शर्मा, पं. हेमंत महाराज होंगे। यह जानकारी सरपंच प्रतिनिधि रोहित साहू ने दी।

# कमर्शियल वाहनों पर लगेगा व्हीकल लोकेशन डिवाइस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

कॉमर्शियल वाहनों को ट्रैस करना आसान हो जाएगा। इसके लिए परिवहन विभाग बस, टैक्सी, ट्रक समेत अन्य कॉमर्शियल वाहनों में व्हीकल लोकेशन ट्रैकिंग डिवाइस लगाने की तैयारी कर रहा है। डिवाइस के लगने से वाहन की लोकेशन ट्रैस करना आसान हो जाएगा, जिससे मुसीबत के समय पुलिस यात्रियों की मदद कर सकेगी। राज्य सरकार के निर्देश पर परिवहन विभाग में सार्वजनिक परिवहन की गाड़ियों में अब व्हीकल लोकेशन ट्रैसिंग डिवाइस युक्त पैनिक बटन लगाने की प्रक्रिया के पूर्व बस, ट्रक और दूसरे वाहन के मालिकों को इसकी जानकारी देकर डिवाइस लगाने की प्रक्रिया को तेज कर दिया गया है। परिवहन विभाग द्वारा जारी आदेश के अनुसार वर्ष 2019 से पहले पंजीकृत सभी सार्वजनिक परिवहन की गाड़ियों में वीएलटीडी युक्त पैनिक बटन लगाया जाना अनिवार्य कर दिया गया है।

डिवाइस से वाहनों का लोकेशन ट्रैस करना होगा आसान



### लोकेशन में पहुंच सकेंगे बचाव दल

संयुक्त कलेक्टर एवं क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी डीसी बंजारे ने बताया कि अब जो नई गाड़ियां आ रही है, उसमें पहले से ही पैनिक बटन लगा हुआ है। इससे दुर्घटना होने पर पुलिस एवं बचाव दल को लोकेशन में पहुंच सकेंगे।

### पैनिक बटन लगाना जरूरी

बताया जा रहा है कि स्कूली बसों को भी प्राथमिकता के आधार पर इस व्हीकल लोकेशन ट्रैसिंग डिवाइस पैनिक बटन को लगाने का निर्देश दिया गया है। स्कूल बसों के परिचालन को लेकर विशेष गाइडलाइन जारी की गई है। इसके पालन को लेकर भी डिवाइसयुक्त पैनिक बटन लगाने का निर्देश दिया गया है।

## सीमावर्ती जिलों में बढ़ाई निगरानी, पोल्ट्री सेक्टर पर विशेष फोकस

# बिलासपुर में बर्ड फ्लू की पुष्टि के बाद बस्तर में हाई अलर्ट, विभाग से गाइडलाइन जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



बिलासपुर जिले में बर्ड फ्लू (एक 5 एन 1) की पुष्टि होने के बाद बस्तर संभाग में भी सतर्कता बढ़ा दी गई है। पशु चिकित्सा विभाग द्वारा संभावित संक्रमण को रोकने के लिए व्यापक तैयारी शुरू कर दी गई है। विभाग ने सभी संबंधित अधिकारियों, पोल्ट्री संचालकों एवं फील्ड स्टाफ को अलर्ट मोड में रहने के निर्देश जारी किए हैं।

- असामान्य मृत्यु पर तुरंत सूचना, बायो-सिक्योरिटी नियमों का कड़ाई से पालन

जारी निर्देशों के अनुसार, जिले के पोल्ट्री फार्म, बाजार, वेट मार्केट एवं पक्षियों के आवागमन वाले क्षेत्रों में विशेष निगरानी रखने को कहा गया है। साथ ही प्रवासी एवं जंगली पक्षियों पर नजर रखने के निर्देश दिए गए हैं,ताकि संक्रमण के किसी भी संभावित खतरे को समय रहते रोका जा सके।

विभाग ने स्पष्ट किया है कि बर्ड फ्लू एक संक्रामक एवं घातक रोग है, जिससे न केवल पोल्ट्री व्यवसाय को नुकसान होता है, बल्कि यह मनुष्यों में भी संक्रमण फैला सकता है। ऐसे में सभी पोल्ट्री संचालकों को बायो-सिक्योरिटी के नियमों का सख्ती से पालन करने की हिदायत दी गई है।

असामान्य रूप से पक्षियों की मृत्यु या बीमारी के लक्षण सामने आने पर तत्काल नजदीकी पशु चिकित्सा संस्था को सूचित करने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही नमूनों को राज्य स्तरीय प्रयोगशाला भेजने एवं नियमित रिपोर्टिंग सुनिश्चित करने को कहा गया है। जिले में रैपिड रिस्पांस टीम (आरआरटी) को सक्रिय रखते हुए आवश्यक दवाइयों,उपकरणों एवं पीपीई किट की उपलब्धता सुनिश्चित करने के निर्देश भी जारी किए गए हैं। अधिकारियों को भारत सरकार की गाइडलाइन के अनुरूप सभी तैयारियां पूर्ण रखने को कहा गया है।

संयुक्त संचालक पशु चिकित्सा सेवाएं,जगदलपुर जिला-बस्तर ने सभी अधिकारियों एवं संबंधित संस्थाओं को निर्देशित किया है कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में सतत निगरानी रखें और किसी भी आपात स्थिति में त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित करें।

बर्ड फ्लू के संभावित खतरे को देखते हुए विभाग ने क्रमबद्ध सावधानियां अपनाने की अपील की है,जिसमें पोल्ट्री फार्म में बाहरी व्यक्तियों के प्रवेश को सीमित रखना,नियमित रूप से सैनिटाइजेशन करना,मृत या बीमार पक्षियों को खुले में न फेंकना, तुरंत सूचना देना,बाजारों और वेट मार्केट में स्वच्छता बनाए रखना, प्रवासी पक्षियों के संपर्क से बचाव करना,तथा सरकारी दिशा-निर्देशों का पालन करना शामिल है, जिससे संक्रमण की श्रृंखला को समय रहते तोड़ा जा सके।

# पानी के लिए जद्दोजहद, एक किलोमीटर दूर से पानी लाने को मजबूर ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर





- बोरवेल और जल जीवन मिशन का काम ठप
- बास्तानार ब्लाक में पेयजल का गंभीर संकट, झरिया का पानी पी रहे

बास्तानार ब्लॉक के ग्राम पंचायत गोरियापाल, पटेलपारा, गंगापारा में भीषण पेयजल संकट को लेकर बस्तर अधिकार मुक्ति मोर्चा एवं जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ (जे) ने जिला प्रशासन को ज्ञापन सौंपा है। पदाधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र में जल जीवन मिशन जैसी योजना के बावजूद ग्रामीणों को आज भी पेयजल के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। ग्रामीणों को प्रतिदिन 1 से 2 किलोमीटर दूर जाकर पानी लाना पड़ रहा है । महिलाएं एवं बच्चे 5 से 6 घंटे पानी लाने में व्यतीत कर रही हैं। बोरवेल एवं अन्य जल स्त्रोत खराब पड़े हैं, सार्वजनिक नल योजना विफल साबित हो रही हैं। संगठन ने इसे प्रशासनिक विफलता और जनअधिकारों का उल्लंघन बताया है। जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया कि बस्तर जैसे प्राकृतिक संसाधनों से समृद्ध आदिवासी क्षेत्र में पेयजल के लिए इस प्रकार की स्थिति होना दुर्भाग्यपूर्ण है ।यह शासन की योजनाओं एवं जमीनी क्रियान्वयन के बीच गहरी खाई को उजागर करता है।

### ये हैं मुख्य मांगें

संगठन ने प्रशासन से मांग की है कि तत्काल पेयजल संकट के समाधान हेतु टैंकर एवं अस्थायी जल आपूर्ति सुनिश्चित की जाए।
खराब बोरवेल एवं जल स्रोतों की शीघ्र मरम्मत की जाए, जल जीवन मिशन के तहत हुए कार्यों की उच्चस्तरीय जांच कर दोषियों पर कार्रवाई की जाए। स्थायी समाधान हेतु नई जल योजनाओं पाइपलाइन, टंकी को शीघ्र स्वीकृति दी जाए। ग्रामसभा की भागीदारी से पारदर्शी जल प्रबंधन व्यवस्था लागू की जाए।

### आंदोलन की चेतावनी

संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि शीघ्र इस गंभीर समस्या का समाधान नहीं किया गया तो संगठन जनहित में आंदोलन करेगा। इस दौरान चित्रकोट विधानसभा अध्यक्ष कमल बघेल, ग्रामीण जिला महामंत्री संतु कश्यप, सूरज कश्यप, विजय कवासी, जायमों वेंजाम कोसा रामसिंग कुरामीजमुना मांडवी, पायकों मांडवी, संध्या कुरामी, पुंगार कुरामी, लखमा कुरामी तथा पीलू मांडवी सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

# शोध की बारीकियों से अवगत होंगे विद्यार्थी व स्टाफ



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

यह शैक्षणिक स्टाफ,शोधार्थियों और राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत स्नातकोत्तर छात्रों को लक्षित करता है। कार्यक्रम शासकीय काकतिया स्नातकोत्तर महाविद्यालय में हाइब्रिड मोड में चल रहा है। इसका द्विपक्षीय उद्देश्य शिक्षकों एवं छात्रों को निःशुल्क रूप से शोध के प्रति सजग एवं सक्षम बनाना है। देश के विभिन्न भागों जैसे भोपाल, रायपुर, मुंबई, चेन्नई तथा त्रिपुरा से विशेषज्ञ वक्ताओं को आमंत्रित किया गया है।

- शिक्षकों और शोधार्थियों को शोध कौशल से अवगत कराना उद्देश्य

कार्यक्रम अतिथियों का स्वागत, माँ सरस्वती पूजन एवं दीप प्रज्वलन से शुरू हुआ। प्रो विमल रात्रे ने स्वागत भाषण में एफडीपी उद्देश्यों को रेखांकित किया तथा पंजीकृत प्रतिभागियों की बड़ी संख्या पर प्रकाश डाला।

महाविधालय के प्राचार्य डॉ अनिल श्रीवास्तव ने कहा कि यह छात्रों एवं शिक्षकों के लिए लाभकारी होगा तथा छत्तीसगढ़ के युवा शिक्षकों को शोध से शैक्षणिक अभिलेख सुदृढ़ करने को प्रेरित किया। उन्होंने भारत में शोध व्यय 0.69 प्रतिशत होने पर चिंता जताई तथा बस्तर क्षेत्र की विशेषताओं को शामिल करने पर बल दिया।

मुख्य अतिथि डॉ शैलेश कुमार जाधव ने 33 वर्षों के अनुभव साझा किए। वे 2008 से पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय में प्रोफेसर हैं तथा माइक्रोबायोलॉजिस्ट सोसाइटी (छत्तीसगढ़ चैप्टर) के पूर्व अध्यक्ष रहे। साहित्य समीक्षा के महत्व पर जोर देते हुए पारंपरिक औषधीय पौधों के अध्ययन एवं कार्डियोप्सिस फंगी पर अपने शोध (जो द हिंदू में प्रकाशित हुआ) का उल्लेख किया। उन्होंने शोधकर्ताओं को अग्रणी बनने का संदेश दिया।

मुख्य वक्ता डॉ केशव कांत साहू पंडित रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ स्टडीज इन बायोटेक्नोलॉजी में प्रोफेसर हैं। वे सेंट्रल इंस्ट्रूमेंटेशन फैसिलिटी एवं सेंटर फॉर बेसिक साइंसेज के निदेशक भी हैं। अल्बर्ट आइंस्टीन के कथन से व्याख्यान शुरू कर शोध परिभाषा,समस्याएँ, विधियाँ, उद्देश्य, विशेषताएँ,चरण एवं प्रकार स्पष्ट किए। डॉ साहू ने शोध समस्या को विद्यमान साहित्य में उपस्थित जटिल प्रश्न बताया।अच्छे शोध की विशेषताएँ स्पष्ट उद्देश्य, सटीक प्रक्रिया, उपयुक्त डिजाइन,स्पष्ट निष्कर्ष एवं तर्कसंगत परिणाम मानीं। विषय चयन आंतरिक (रुचि) एवं बाह्य (नवीनता, साहित्य) कारकों पर निर्भर तथा उपयोगी पुस्तकों की अनुशंसा की। प्रथम दिवस में प्रतिभागियों की सक्रिय उपस्थिति रही तथा आगामी सत्रों के लिए उत्साहपूर्ण माहौल बना।

# प्रधान पाठकों की प्रतीक्षित पदोन्नति सूची जारी होने से शिक्षकों ने जताई खुशी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर

बस्तर संभाग के मिडिल स्कूलों में लंबे समय से अटकी हुई प्रधान पाठक पदोन्नति प्रक्रिया पर आखिरकार मुहर लग गई है। 25 मार्च से पूर्व ही संयुक्त संचालक शिक्षा एच.आर. सोम द्वारा जारी की गई इस सूची ने शिक्षक समुदाय में उत्साह का संचार कर दिया है। वर्षों की प्रतीक्षा, अनेक स्मरण पत्रों और सेवा पुस्तिकाओं में त्रुटियों के कारण हुई देरी बाद यह निर्णय न केवल एक प्रशासनिक सफलता है,बल्कि शिक्षकों के कल्याण और प्रोत्साहन का प्रतीक भी बन गया है।

प्रदेश शिक्षक कल्याण संघ की सक्रियता ने इस प्रक्रिया को गति प्रदान की, जिससे पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित हुई। इस घटनाक्रम ने स्थानीय शिक्षा विभाग की कार्यक्षमता को नई पहचान दी है।

प्रदेश शिक्षक कल्याण संघ के प्रदेश अध्यक्ष राजकिशोर तिवारी एवं सह-सचिव चन्द्रभूषण ठाकुर के निर्देश पर अमलेश ठाकुर के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल ने संयुक्त संचालक श्री सोम से भेंट की। उन्होंने देरी पर चिंता जताई और पारदर्शी काउंसलिंग तथा दावा-आपत्ति परीक्षण की मांग रखी। अधिकारियों ने त्रुटिपूर्ण सूचियों को सुधारने की प्रक्रिया बताई। पदोन्नति प्रक्रिया पूरी और आभार अधिकांश विसंगतियों को दूर कर सूची जारी की गई। संघ ने श्री सोम के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर संगीता गोस्वामी,आशा निधि आनंद,राजेन्द्र बघेल उपस्थित रहे।

### प्रमोशन प्रक्रिया तेज करने जेडी से मिला सीजीटीए

**जगदलपुर।** छत्तीसगढ़ टीचर्स एसोसिएशन ने यूडीटी से प्रधान पाठक (माध्यमिक शाला) के लंबे समय से लटके प्रमोशन को गति देने के लिए संयुक्त संचालक से मुलाकात की। संघ ने पदोन्नति सूची जारी होने के बाद पदस्थापना,प्राथमिकताओं और पुराने लंबित मामलों पर स्पष्ट सुझाव दिए। संघ ने मांग की है कि पदस्थापना हेतु काउंसलिंग की प्रक्रिया मार्च माह के अंत तक पूर्ण कर ली जाए। इससे शिक्षकों को बिना देरी के नई जिम्मेदारी मिल सकेगी। पदोन्नत शिक्षकों के मूल शाला में प्रधान पाठक (मा.शा.) का पद रिक्त होने पर उन्हें उसी शाला में प्राथमिकता दी जाए। यदि शिक्षक जिस संस्था में कार्यरत हैं, वहां पद रिक्त है और वह दूसरी संस्था में जाना चाहते हैं, तो उन्हें काउंसलिंग में शामिल किया जाए। इस दौरान प्रदेश उपाध्यक्ष प्रवीण श्रीवास्तव,बस्तर जिलाध्यक्ष लुदरसन कश्यप,कोंडागांव जिलाध्यक्ष ऋषिदेव सिंह,कोषाध्यक्ष अमित पाल,ब्लॉक अध्यक्ष मनीष ठाकुर,राम प्रसाद ठाकुर,घनश्याम सिंह,संतुराम वट्टी,सुन्दरलाल बघेल,रमेश पांडेय, लखीराम बघेल सहित अनेक पदाधिकारी उपस्थित रहे।



# ड्रेस कोड में रहेंगे पीएम श्री शालाओं के शिक्षक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| जगदलपुर



संयुक्त संचालक शिक्षा हेतराम सोम ने कांकेर प्रवास के दौरान जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान शैक्षणिक एवं प्रशासनिक कार्यों की समीक्षा करते आवश्यक निर्देश दिए। इसके उपरांत पीएम श्री शासकीय नरहर उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय का निरीक्षण किया। विद्यालय में संचालित प्रयोगशालाओं, पुस्तकालय एवं अन्य शैक्षणिक व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। उन्होंने उपस्थित शिक्षकों के साथ शैक्षणिक गुणवत्ता, अध्यापन पद्धति एवं विद्यार्थियों के सीखने के स्तर के संबंध में चर्चा की। निपुण भारत मिशन के अंतर्गत विद्यार्थियों में आधारभूत साक्षरता एवं संख्यात्मक दक्षता के लक्ष्य को प्राप्त करने उत्कृष्ट दक्षताओं पर विशेष रूप से चर्चा करते मार्गदर्शन दिए। इसके साथ ही जिले में संचालित समस्त पीएम श्री विद्यालयों में शिक्षकों के लिए ड्रेस कोड निर्धारित करने एवं उसका पालन सुनिश्चित करने को कहा जिससे विद्यालयों में अनुशासन एवं एकरूपता बनी रहे।

- जेडी शिक्षा ने कांकेर जिले के शिक्षा कार्यालय और मूल्यांकन केंद्र का किया निरीक्षण

### बोर्ड परीक्षा मूल्यांकन केंद्र का निरीक्षण

संयुक्त संचालक ने कक्षा 10वीं एवं 12वीं के चल रहे मूल्यांकन केंद्र का निरीक्षण किया। मूल्यांकन कार्य की गुणवत्ता, पारदर्शिता एवं समयबद्धता सुनिश्चित करने आवश्यक निर्देश दिए। वहीं जिला पंचायत के सभाकक्ष में विकासखंड कांकेर, नरहरपुर एवं चारामा के समस्त हाई स्कूल एवं हायर सेकेंडरी विद्यालयों के प्राचार्यों तथा संकुल समन्वयकों की बैठक की । कक्षा 5वीं एवं 8वीं की चल रही केंद्रित, स्थानिक परीक्षाओं की समीक्षा एवं सुचारू संचालन, एफएलएन, मूल्यांकन की प्रगति एवं समयबद्ध पूर्णता के निर्देश दिए।

### लंबित पेंशन प्रकरणों के त्वरित निराकरण के निर्देश

एचआर सोम ने विद्यालयों में मूलभूत सुविधाओं भवन, पेयजल, शौचालय, बिजली की उपलब्धता एवं सुधार, शिक्षा की गुणवत्ता में उत्कृष्टता लाने हेतु नवाचार एवं प्रभावी शिक्षण पद्धतियों पर जोर दिया। साथ ही विद्यार्थियों की उपस्थिति, परिणाम सुधार एवं समग्र शैक्षणिक वातावरण सुदृढ़ करने के उपाय, ग्रीष्मकालीन अवकाश में समर कैंप आयोजन पर निर्देश दिए। बैठक में जिला शिक्षा अधिकारी सहित विकासखंडों के अधिकारी, प्राचार्य एवं संकुल समन्वयक उपस्थित रहे।

